卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 263 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शुक्रवार ♦30 जून 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## क्षत्रिय समाज के खिलाफ विवादित पोस्ट पर फूटा गुस्सा

रूड़की (उद ब्यूरो)।देवबंद में आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद पर गोली चलने की घटना के बाद भीम आर्मी के प्रदेश अध्यक्ष महक सिंह ने क्षत्रिय समाज को लेकर एक विवादित बयान फेसबुक पर पोस्ट कर दिया। इसे लेकर क्षत्रिय समाज में उबाल बना हुआ है। शुक्रवार को बड़ी संख्या में एकत्रित होकर लोग सिविल लाइन कोतवाली पहुंचे। साथ ही कोतवाली का घेराव करते हुए महक सिंह पर मुकदमा दर्ज करने की मांग की और धरने पर बैठ गए। साथ ही मुकदमा दर्ज ना होने तक कोतवाली से



जाने से इंकार कर दिया। हालांकि बताया जा रहा है कि मामला तूल पकड़ता देख महक सिंह ने विवादित पोस्ट को फेसबुक से हटा दिया है। क्षत्रिय समाज के लोगों ने भीम आर्मी के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी भी की। साथ ही कहा कि महकसिंह ने विवादित पोस्ट कर कर क्षत्रिय समाज के लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाई है। इसके बाद उन्होंने महक सिंह के खिलाफ तहरीर दी और जल्द ही मुकदमा दर्ज करने की मांग की। इस दौरान पूर्व मेयर यशपाल सिंह राणा, उदय पुंडीर, अनूप राणा, रवि राणा आदि सैकड़ों की संख्या में क्षत्रिय समाज के लोग सिविल लाइन कोतवाली में मौजूद रहे।

## रूद्रपुर की दीपा जोशी सहित छह को राज्यपाल ने किया सम्मानित

देहरादून (उद संवाददाता)। जवाहर लाल नेहरू जिला चिकित्सालय रूद्रपुर में एएनएम पद पर कार्यरत दीपा जोशी को सहित छह लोगों को आज यहां राजभवन के प्रेक्षाग्रह में भारतीय रेडक्रास सोसायटी के अध्यक्ष महामहिम राज्यपाल की अध्यक्षता



में आयोजित वार्षिक आम बैठक के दौरान सम्मान समारोह में कोरोना वारियर्स सम्मान से सम्मानित किया गया। राज्यपला ने दीपा जोशी के साथ गगन गुणवंत, विमल कुमार, ललित मोहन जोशी,देवेन्द्र वरूण, अभिषेक सक्सेना को (शेष पृष्ठ सात पर)

गुरू मां
उत्तराखंड की सबसे बड़ी इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेल चेन
गर्मियों में ठंड जैसी राहत
गुरू मां
36 महीने तक की EMI उपलब्ध
Budget Ac
Premium Split Ac
Mid-Range Split Ac
Heavy-Duty Split Ac
Easy EMI Options Available
SONY Whirlpool SAMSUNG IFB Haier BOSCH VOLTAS
DAIKIN HITACHI MITSUBISHI ELECTRIC GENERAL LLOYD BLUE STAR
Refrigerator की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Deep Freezer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
RO Purifier की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Water Dispencer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Air Cooler की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
RUDRAPUR- Civil Line +91-9927882338, Kashipur Bypass +91-9690282777 , Kashipur Bypass +91-9756233166 , Sony Center +91-9917170230 KASHIPUR- Ramnagar Road +91 8791989500, Cheema Chauraha +91 9927813555 HALDWANI- Tikonia +91-9997207007, Pilikothi +91-8923468434, Pilikothi +91-9690256666, HARIDWAR- Haridwar +91-9761699704 MORADABAD- Moradabad +91-7500839146, GADARPUR- Near Super Market +91-9927850999, KICHHA- Kichha +91-7017595920, LOHAGHAT- Daak Bangla Road +91-9568035735 DEHRADUN- Kaluagarh Road +91-8394949454 PANIPAT- West Market Opp. Central Bank +91-8607964000 KARNAL-Mangal Singh Market +91-8684077000 , 49 Ram Nagar +91-8908350000

## प्राधिकरण ने अवैध निर्माण किया सील

### नोटिस के बावजूद नहीं रोका था निर्माण कार्य

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। बिना अनुमति निर्माण कराये जाने एवं नोटिस देने के बाद भी निर्माण कार्य जारी रखने पर जिला विकास प्राधिकरण द्वारा निर्माण स्थल सील कर दिया गया। गौरतलब है कि रुद्रा होटल से आगे वैशाली कॉलोनी के पास वाली गली में जयचंद जैन द्वारा बिना नक्शा पास कराए दुकानों का अवैध निर्माण कार्य कराया जा रहा था। जिस पर विगत दिनों विधिक प्राधिकरण ने संज्ञान लेते हुए वहां नोटिस चस्पा कर



दिया था और निर्माण कार्य को तुरंत रोकने के आदेश दिए थे। बावजूद इसके निर्माण कार्य धड़ल्ले से जारी रहने की शिकायतें भी मिल रही थी। प्राधिकरण के अधिशासी अभियंता आर जोशी व अभियंता एस रावत के नेतृत्व में विभागीय कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर निर्माणाधीन कार्य स्थल को सील कर दिया। अधिशासी अभियंता आर जोशी ने बताया कि कानून एवं नियमों का पालन कराना ही उनका उद्देश्य है जिसके तीत यह कार्यवाही की गई है।

## बकाया वेतन के लिए सीईओ को घेरा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उधम सिंह नगर जिले के अशासकीय सहायता प्राप्त जूनियर हाई स्कूल के अध्यापकों एवं कर्मचारियों ने अप्रैल व मई महीने का वेतन प्राप्त न होने से रोषित होकर मुख्य शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जोरदार प्रदर्शन कर मुख्य शिक्षा अधिकारी रमेश चन्द्र आर्य का घेराव किया और उन्हें ज्ञापन सौंपा। शिक्षा संघ के जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों अध्यापक एवं कर्मचारी मुख्य शिक्षा अधिकारी के कार्यालय में पहुंचे। जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने बताया कि गत माह अप्रैल व मई का वेतन बजट उपलब्ध होने के



उपरांत भी विभाग द्वारा वेतन वितरित नहीं किया गया है। जिससे अध्यापकों एवं कर्मचारियों के समक्ष आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है और अध्यापकों एवं कर्मचारियों को विभिन्न बैंकों से लोन अदायगी के नोटिस प्राप्त हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि आर्थिक परेशानियों के चलते परिवार चलाना भी मुश्किल हो रहा है वहीं कई अनिवार्य कार्य नहीं हो पा रहे हैं । इसलिए आज सभी अध्यापकएवं कर्मचारी गण को एकत्र होकर मुख्य शिक्षा अधिकारी के कार्यालय पहुंचने को मजबूर होना पड़ा। इस दौरान उदय प्रताप सिंह जिला अध्यक्ष के साथ (शेष पृष्ठ सात पर)

## विधवा ने दरोगा पर लगाया शारीरिक शोषण का आरोप

### धमकाने का भी आरोप, पीड़िता ने एसएसपी से लगाई न्याय की गुहार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। एक विधवा महिला ने एसएसपी को लिखे शिकायती पत्र में एक दरोगा पर लालच देकर उसका शारीरिक शोषण करने तथा विरोध करने पर परिवार को झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए न्याय की गुहार लगाई है। शिकायती पत्र में पीड़िता ने कहा है कि वह एक फौजी की विधवा है तथा अनुसूचित जाति की महिला है। पति की वर्ष 2005 में हार्ट अटैक से मृत्यु हो चुकी है। उसके तीन बच्चे है, जिनका मुश्किल से लालन-पालन किया है। उसके घर के सामने दरोगा का मकान है। वर्ष 2020 में जब वह आर्थिक रूप से परेशान थी तब दरोगा ने उसे बहलाया-फुसलाया और कहा कि उसका पत्नी से मेरा तलाक हो गया है और तुम भी परेशान हो वह अपना मकान तुम्हे दे देगा और हर महीने पूरे घर का खर्चा करेगा। पीड़िता का कहना है कि वह लालच में आ गयी और उसके साथ लिवइन रिलेशनशिप में रहने लगी। 16 फरवरी 2022 को आरोपी दरोगा के दो पुत्र तथा पत्नी आयी और आते ही उससे व उसके बच्चों के साथ मार पीट शुरू कर दी। जिसके बाद दोनों पक्षी ने कोतवाली में तहरीर दी और दोनों पक्षों पर कार्यवाही हुई। तब आरोपी दरोगा व उसके परिवार ने न्यायालय के समक्ष यह माना था कि मकान उसे ही दिया जायेगा, रिलेशनशिप बना रहेगा तथा खर्चा भी दिया जायेगा। तब से अब तक दरोगा उसका शोषण करता आ रहा है। एक होटल में दरोगा का कमरा है जहाँ हम दोनों रहते है। पीड़िता का आरोप है 15 जून 2023 से उसने दरोगा के साथ (शेष पृष्ठ सात पर)



रस्म पगड़ी

बड़े दु:ख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे पति **श्री ओमप्रकाश गाबा जी** का स्वर्गवास दिनांक 22.6.2023 दिन बृहस्पतिवार को हो गया है। जिनकी **रस्म पगड़ी दिनांक 01.07.2023 दिन शनिवार** को दोपहर 2 से 3 बजे तक **श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर ( पांच मंदिर )**,रुद्रपुर में होगी।

स्व. राजेन्द्र कुमार गाबा – अंजू गाबा (भाई – भाभी)
पारस गाबा– महिमा (भतीजा–बहू)
अनमोल गाबा (भतीजा)

**नीतू गाबा ( पत्नी )**
स्व. अमरनाथ– स्व. कौशल्या रानी (पिता – माता)
शुभ गाबा (पुत्र), खुशी गाबा (पुत्री)

**फर्म– गाबा फ्रूट मर्चेंट ,अमरनाथ ओमप्रकाश , खुशी गारमेंट्स**
मोबा. 7668270028,8218666643

# राज्य सम्मेलन में शामिल होने आइसा पदाधिकारी श्रीनगर रवाना

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन के जनपद नैनीताल के प्रतिनिधि कल 1 जुलाई को



आइसा के श्रीनगर में होने वाले छठे राज्य सम्मेलन में शामिल होने के लिए जिलाध्यक्ष धीरज कुमार के नेतृत्व में रवाना हुए। धीरज कुमार ने कहा कि आज समाज में विभाजन पैदा करके सरकार अपने स्वार्थ पूरे कर रही है। देश के युवाओं को आपस में लड़ा कर शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार के सवाल गायब किए जा रहे हैं। देश लगातार गरीबी और भूखमरी से जूझ रहा है। एक तरफ आर्थिक मंदी का दौर है जिसके लिए सरकार सीधे तौर पर जिम्मेदार है। सरकार की नई शिक्षा नीति ने गरीब छात्र-छात्राओं को शिक्षा से बाहर कर दिया है। आइसा राज्य सम्मेलन में छात्रों की समस्याओं पर विचार विमर्श के बाद आंदोलन की रणनीति बनाई जायेगी। आइसा के रामनगर अध्यक्ष सुमित ने कहा कि सरकार की नीतियां लगातार छात्र बेरोजगारों विरोधी बन रही हैं। इसके खिलाफ छात्रों की बड़ी एकता के लिए प्रयास जरूरी है। इसके लिए आइसा के मजबूत होने से छात्रों युवाओं की आवाज बुलंद होगी। रवाना होने वालों में धीरज कुमार, सुमित, विजय विश्वास, योगेश कुमार, अमन रावत, नेहा आर्य, रिंकी, मयंक बिष्ट, मनीष परगाई, विशाल सिंह, रवि जग्गी, मोहित जोशी, करिश्मा आर्य सहित डीएसबी नैनीताल, एमबीपीजी हल्द्वानी, पीएनपीजी कॉलेज रामनगर, एलबीएस डिग्री कॉलेज लालकुआं, डिग्री कालेज मालधन सहित विभिन्न डिग्री कॉलेजों व इंटर कॉलेजों के छात्र छात्राएं शामिल हैं।

# हाईस्कूल और इंटर के टॉपर्स को किया सम्मानित

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। नगर के खीमा जोशी मेमोरियल सेकेट्री स्कूल में 2022-2023 में हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट में मेरिट स्थान प्राप्त व् सम्मान सहित उत्तीर्ण छात्र /छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि थानाध्यक्ष देवेंद्र गौरव , कार्यक्रम अध्यक्ष नगर पंचायत अध्यक्ष प्रेम सिंह टुरना , विशिष्ट अतिथि प्रदेश अध्यक्ष प्रधान संगठन के भास्कर सम्भल , नामित सभासद धर्म सिंह बिष्ट, विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर कैलाश चंद्र जोशी, दलजीत सिंह , महेश जोशी पीयूष गुप्ता ने द्वीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया । थानाध्यक्ष द्वारा इंटरमीडिएट की छात्रा अंशिका गुप्ता को 94.50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्तराखण्ड में 12वाँ स्थान प्राप्त करने पर सम्मान के रूप में अवार्ड देते हुए आशीर्वाद दिया व चेयरमैन प्रेम सिंह,प्रध



ान संगठन अध्यक्ष , भूत पूर्व सैनिक संगठन अध्यक्ष , के द्वारा हाईस्कूल में ऑनिक भट्ट को 95.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर 17 वाँ , महक डे को 95.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर 19 वाँ , अमन चंद को 94.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर 23वाँ , चंचल जोशी को 94.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर 24वाँ स्थान प्राप्त कर सम्मान के रूप में अवार्ड देते हुए सम्मानित किया । इसी के साथ इंटर में 23 व हाईस्कूल में 21 बच्चों को ऑनरस से पास होने पर सम्मानित किया इस उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधक कैलाश चंद्र जोशी,विद्यालय अध्यक्ष चंद्रा जोशी , प्रधानाचार्य दलजीत सिंह , प्रधानाचार्य महेश जोशी , उपप्रधानाचार्य पीयूष गुप्ता व मनदीप कौर, कमला जोशी , सोनिया कौर , भुवन जोशी,निशा बहुगुणा, पूजा कश्यप, अमित राणा ,लता जोशी,आशा भट्ट व् अन्य स्टाफ ने उज्ज्वल भविष्य की कामना की ।

# युवा कवि बहादुर सिंह को मिलेगा मथुरादत्त मठपाल स्मृति पुरस्कार

रामनगर (उद संवाददाता)।साहित्य अकादमी पुरस्कार प्राप्त कुमाउनी के वरिष्ठ साहित्यकार मथुरादत्त मठपाल जी की स्मृति में 'मथुरादत्त मठपाल स्मृति न्यास' द्वारा प्रत्येक वर्ष उनकी जयंती पर दिया जाने वाला मथुरादत्त मठपाल स्मृति पुरस्कार इस बर्ष कुमाउनी के नवोदित कवि बहादुर सिंह बिष्ट को दिया जाएगा उपरोक्त जानकारी न्यास/ट्रस्ट के सचिव नवेंदु मठपाल ने दी। विगत वर्ष यह पुरस्कार वरिष्ठ लेखक प्रयागदत्त जोशी वर्तमान निवासी हल्द्वानी को दिया गया। इस वर्ष यह पुरस्कार कुमांऊनी के नवोदित कवि बहादुर सिंह बिष्ट दीपक पुत्र चंद्र सिंह बिष्ट ग्राम चामी,चम्पावत,



हाल निवासी महिपालपुर,दिल्ली को दिया जाना तय हुआ है। श्री बिष्ट को पुरस्कार स्वरूप स्मृति चिन्ह,शाल व रुपए पांच हजार की नगद धनराशि 1 जुलाई 2023 को उत्तराखंड सदन, चाण्यकपुरी, दिल्ली में एक सार्वजनिक कार्यक्रम में प्रदान की जाएगी। पुरूस्कार उत्तराखंडी समाज,साहित्य,संस्कृति पर गहरीं पैठ रखने वाले जाने माने किसान नेता पुरुषोत्तम शर्मा द्वारा दिया जाएगा।इस मौके पर मथुरादत्त मठपाल द्वारा निकाले जाने वाली कुमाउनी पत्रिका दुदबोली जो कि अब दिल्ली से निकाली जानी तय हुई है के नए त्रैमासिक अंक का भी लोकार्पण होगा। अब दुदबोली कुमाउनी भाषा, साहित्य एवं सांस्कृतिक समिति, दिल्ली द्वारा प्रकाशित की जाएगी।इस संस्था के डा. मनोज उप्रेती अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह रावत महासचिव सुरेन्द्र हालसी उपाध्यक्ष संतोष जोशी, सचिव नीरज बावड़ी संगठन सचिव राजू पांडे, कोषाध्यक्ष हैं।

# बोर्ड बैठक बुलाने के लिए सभासदों ने सौंपा ज्ञापन

गदरपुर(उद संवाददाता)। भारी बरसात की आशंका के चलते सभासदों ने आपातकालीन बोर्ड बैठक बुलाए जाने को लेकर अधिशासी अधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बरसात में डेंगू मलेरिया उल्टी दस्त जैसी गंभीर बीमारियों के फैलने की रोकथाम को लेकर 3 दिन के भीतर बोर्ड बैठक बुलाए जाने की मांग की गई। जनहित में बोर्ड बैठक बुलाए जाने को लेकर सभासदों ने मुख्यमंत्री, कुमाऊं आयुक्त, जिलाधिकारी तथा उप जिलाधिकारी को भी ज्ञापन की कॉपी प्रेषित की है। नगर पालिका परिषद एक्ट के अनुसार अपने विशेष अधिकारों का उपयोग करते हुए सभासदों ने आगामी मौसम एवं भारी बरसात, जलभराव के कारण डेंगू, उल्टी, दस्त, जैसी गंभीर



बीमारियों की आशंका को लेकर अधिशासी अधिकारी जगदीश चंद्रा को एक ज्ञापन सौंपकर 3 दिन के भीतर आपातकालीन बोर्ड बैठक बुलाए जाने की मांग की। जिससे नगर की जनता को जनहित में सुझावों एवं बोर्ड बैठक में किए गए फैसले का लाभ मिल सके। सभासदों ने ज्ञापन की एक प्रति मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत, जिला अधिकारी उदय राज सिंह, उप जिलाधिकारी राकेश चंद्र तिवारी को भी प्रेषित की हैं। ज्ञापन देने वालों में सभासद परमजीत सिंह पम्मा, रोहित सुदामा, सतीश कुमार, मनोज गुंबर, अमरजीत सिंह के अलावा महिला सभासद विनीता चौधरी, लीना संजीव झाम, मीनाक्षी श्रीवास्तव, नामित सभासद सुरेश खुराना, संदीप बत्रा आदि मौजूद रहे।

# समान नागरिक संहिता की ड्राफ्ट रिपोर्ट जल्द सौंपी जाएगी सरकार को

देहरादून (उद संवाददाता)।उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता लागू करने के लिए तैयार हो रही ड्राफ्ट रिपोर्ट प्रदेश सरकार को शुक्रवार को नहीं सौंपी जा सकी। ड्राफ्ट कमेटी की सदस्य जस्टिस(रिटायर्ड) रंजना प्रसाद देसाई ने दिल्ली में इस संबंध में मीडिया से बात की। उन्होंने कहा कि मुझे आपको यह बताते हुए बेहद खुशी हो रही है कि उत्तराखंड के प्रस्तावित समान नागरिक संहिता का मसौदा अब पूरा हो गया है। ड्राफ्ट के साथ विशेषज्ञ समिति की



रिपोर्ट जल्द ही मुद्रित की जाएगी और उत्तराखंड सरकार को सौंपी जाएगी। माना जा रहा है कि एक पखवाड़े के भीतर समिति सरकार को रिपोर्ट सौंप देगी। वहीं सीएम धामी का कहना है कि यूसीसी पर भारत के संविधान की मूल भावना के अनुरूप ही निर्णय होने हैं। समिति इस पर काम कर रही है। सबके हित में निर्णय आएगा। उत्तराखंड से इसकी शुरुआत हुई है। देवभूमि इसकी अगुआई कर रही है। हमारी यह अपेक्षा है कि आने वाले समय में देश भर में यूसीसी लागू हो।

# 17 घंटे बाद सुचारू हुआ बदरीनाथ हाईवे

देहरादून। छिनका में बदरीनाथ हाईवे शुक्रवार को 17 घंटे बाद हुआ सुचारू हुआ तो वाहनों को पुलिस की निगरानी में रवाना किया गया। लेकिन पहाड़ी से लगातार पत्थर छिटकने के कारण फिलहाल वाहनों की आवाजाही रोक दी गई थी। सुबह करीब दस बजे फिर वाहनों के लिए हाईवे खोल दिया गया है। बता दें कि बदरीनाथ हाईवे गुरुवार सुबह नौ बज कर 49 मिनट पर भूस्खलन होने से बंद हो गया था। रातभर हाईवे को खोलने का काम जारी रहा। जिसके बाद शुक्रवार



तड़के साढ़े तीन बजे हाईवे खोल दिया गया। पुलिस प्रशासन की ओर से सबसे पहले पीपलकोटी व बिरही की ओर फंसे यात्रा वाहनों को गंतव्य की ओर भेजा गया। इसके बाद चमोली की ओर फंसे वाहनों को भेजा गया। हाईवे खुलने पर फंसे करीब 10 हजार तीर्थयात्रियों, स्थानीय लोगों और सेना के जवानों ने राहत की सांस ली है। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंद किशोर जोशी ने बताया कि बदरीनाथ हाईवे खोल दिया गया है। हाईवे के दोनों ओर से फंसे वाहनों को भेज दिया गया। लेकिन यहां पहाड़ी से लगातार पत्थर गिर रहे हैं। यात्री रास्ते पर देखकर ही आगे बढ़ें।

# गैस की कालाबाजारी रोकने के लिए इंडियन गैस एजेंसी ने सूची की जारी

गदरपुर(उद संवाददाता)। गैस की कालाबाजारी को रोकने के उद्देश्य इंडियन गैस एजेंसी के प्रबंधक ने गैस वितरकों की एक सूची जारी की है। उन्होंने उपभोक्ताओं से इंडियन गैस एजेंसी के वितरकों से ही गैस सिलेंडर लेने की अपील की। जबकि बाहरी व्यक्ति से गैस सिलेंडर लेने पर संपूर्ण जिम्मेदारी उपभोक्ता की होगी । इंडेन गैस एजेंसी के प्रबंधक कुँवर राम ने गैस की कालाबाजारी की लगातार मिल रही शिकायतों को दृष्टिगत रखते हुए इंडेन गैस एजेंसी के 08 वितरकों की जिसमें त्रिलोक छाबड़ा, हरीश, धीरेंद्र, सलीम सलमानी, राहुल छाबड़ा, जितेंद्र, हुकुमचंद छाबड़ा तथा रहीस के नाम की मोबाइल नंबर सहित सूची जारी की है। उन्होंने उपभोक्ताओं से भी अपील करते हुए कहा कि गैस रिफिल भरवाने के लिए गैस एजेंसी के अधिकृत कर्मी से ही निर्धारित दामों पर गैस सिलेंडर प्राप्त करें उन्होंने कहा कि यदि कोई भी उपभोक्ता किसी बाहरी व्यक्ति से गैस सिलेंडर की खरीदारी करता हैं तो उसकी संपूर्ण जिम्मेदारी खरीदार की होगी। उन्होंने कहा कि कुमाऊँ मंडल विकास निगम लिमिटेड के निर्देश पर गैस वितरण प्रणाली को पारदर्शी बनाए रखने के लिए यह कदम उठाया गया है। उन्होंने कहा कि गैस वितरकों के लिए ड्रेस कोड, आई कार्ड को लागू किया गया है। इसके अलावा गैस वितरण वाहन पर गैस के दाम अंकित कराए गए हैं। अगर किसी उपभोक्ता को किसी भी प्रकार की समस्या आ रही हो तो वह गैस वाहन पर अंकित शिकायत दूरभाष नंबर पर संपर्क कर या कार्यालय में अपनी शिकायत भी दर्ज करा सकता है।

# फुंआरों के साथ कम होने लगी केदारनाथ यात्रियों की संख्या

देहरादून। बारिश के चलते केदारनाथ जाने वाले यात्रियों को सोनप्रयाग में रोक दिया गया था। इससे पहले सुबह आठ बजे तक सोनप्रयाग से 4953 श्रद्धालुओं को धाम के लिए रवाना किया गया। जिला आपदा प्रबन्धन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया कि पैदल मार्ग पर यात्रा सुचारू है, लेकिन बारिश के कारण सोनप्रयाग में यात्री रोके गए गए थे।



दोपहर को बारिश रुकने पर यात्री भेजे जा रहे हैं। मानसून की फुंआरों के साथ ही केदारनाथ यात्रा में यात्रियों की संख्या कम होने लगी है। पिछले दस दिनों से धाम में दर्शनार्थियों की संख्या औसतन पांच हजार तक पहुंच गई है। साथ ही यात्रा के पहले चरण की कारोबारी गतिविधियां भी बंद हो गई है जिससे धाम से सैकड़ों टेंट संचालक भी लौट आए हैं। दूसरी ओर, आठ हेली कंपनियों में से दो ही रह गई है। सोनप्रयाग में चहलपहल कम हो गई है। केदारनाथ में गढ़वाल मंडल विकास निगम के कर्मचारी गोपाल सिंह रौथाण ने बताया कि दस दिनों से यात्रियों की संख्या कम हो गई है। श्रीकेदार होटल एसोसिएशन के सचिव नितिन जमलोकी ने बताया कि रिकार्ड श्रद्धालुओं में पहुंचने के बाद भी उम्मीद के हिसाब से कारोबार नहीं चला। सरकार द्वारा बार-बार केदारनाथ के लिए पंजीकरण व्यवस्था पर रोक के चलते होटल कारोबारियों को रूटीन और एडवांस बुकिंग नहीं मिल पाई। टेंट कारोबार से जुटे विनोद राणा, संदीप भट्ट, पवन राणा, जगदीश राणा का कहना है कि लिनचोली से केदारनाथ तक टेंटों में कम ही यात्री ही ठहरे। बीते एक पखवाड़े में काफी टेंट संचालक धाम से लौट चुके हैं।

# गंगा नदी में डूबे कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक की तलाश जारी

देहरादून (उद संवाददाता)। उत्तराखंड के देवप्रयाग संगम पर गुरुवार को पैर फिसलने से बहे हरियाणा के कृषि



विभाग में संयुक्त निदेशक की तलाश जारी है। एनडीआरएफ की टीम सुबह से ही गंगा में उनकी तलाश कर रही है, लेकिन अभी तक कोई सुराग नहीं लग पाया है। बता दें कि हरियाणा के कृषि विभाग में सेवारत और चंडीगढ़ निवासी संयुक्त निदेशक जगराज डांडी (54) अपनी पत्नी नीता व बेटी के साथ बीते बुधवार को ऋषिकेश घूमने आए थे। यहां से बृहस्पतिवार को जगराज परिवार के साथ देवप्रयाग पहुंचे। अलकनंदा व भागीरथी के संगम तट पर स्नान करते हुए एक पत्थर पर डांडी ने जैसे ही पैर रखा, तो उनका पैर फिसल गया और वह गंगा के तेज बहाव में बह गए। यह मंजर देख पत्नी व बेटी जोर-जोर से चिल्लाने लगीं। पति को आंखों के सामने बहता देख नीता का रो-रोकर बुरा हाल है। बेटी घटना के बाद से ही सहमी हुई है। संगम पर स्नान करने वाले लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। इसके बाद थाना देवप्रयाग पुलिस, जल पुलिस श्रीनगर, एसडी आरएफ की टीमें मौके पर पहुंची और खोजबीन शुरू कीं, लेकिन देरशाम तक जगराज का कोई पता नहीं चल पाया था। देवप्रयाग के प्रभारी निरीक्षक देवराज शर्मा ने बताया कि देहरादून से एनडीआरएफ की एक 22 सदस्यीय टीम रवाना तड़के से सर्च अभियान चला रही है।

वाटर प्रूफिंग
हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे- छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।
प्रो. शादाब खान
9012051994, 6399038125
आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर

Shri Shyam Properties
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

जगदीश कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरुनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

आवश्यकता है
स्टोर इंचार्ज की।
जिसे टेली का अनुभव हो।
एक वर्ष का अनुभव रखने वाले को प्राथमिकता।
-:संपर्क करें:-
नेशनल मशीनरी स्टोर
रुद्रपुर,मो.7906477795

# कानून को किया गुमराह तो होगा एक और मुकदमा

दिल्ली/रामनगर। कोतवाली क्षेत्र में एक युवक द्वारा कार संख्या एचआर 10एएल/1818 को तेजी व लापरवाही से चलाकर वरिष्ठ पत्रकार मनोज श्रीवास्तव को गंभीर रूप से घायल किए जाने के मामले में सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता योगेंद्र नाथ श्रीवास्तव ने सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा कि विवेचना में यदि असल दोषी वाहन चालक को प्रकाश में नहीं लाया गया तो कानून को गुमराह करने के आरोप में एक और मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। उन्होंने विवेचना में विलंब पर भी सख्त एतराज जताया। ज्ञातव्य है कि बीते 9 जनवरी को काशीपुर निवासी वरिष्ठ पत्रकार एवं अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के उत्तराखंड प्रदेश अध्यक्ष मनोज श्रीवास्तव जब जरूरी कार्यवश मोटरसाइकिल से काशीपुर से रामनगर जा रहे थे इसी दौरान मार्ग में चोर पानी के समीप सामने से तेज गति से चली आ रही किया कार्निवल कार संख्या एचआर 10एएल/1818 के चालक जिसे सामने आने पर पहचाना जा सकता है ने तेजी व लापरवाही से मोटरसाइकिल में टक्कर मारकर वरिष्ठ पत्रकार को गंभीर रूप से घायल कर दिया। इस दौरान जब मौके पर भीड़ जुटी तो आरोपी कार चालक ने घायलावस्था में पत्रकार को मौके से उठाकर राजकीय चिकित्सालय के गेट पर बेहोशी की हालत में लावारिस छोड़ दिया और वहां से फरार हो गया। यह तमाम घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई। इसके अलावा स्थानीय लोगों द्वारा मोबाइल फोन से भी वीडियो बनाया गया। ऐसे में आरोपी चालक के स्थान पर कूट रचित तरीके से किसी दूसरे व्यक्ति का नाम प्रकाश में लाया जाता है तो यह कानूनी रूप से गलत होगा। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता ने कहा कि कोर्ट के समक्ष मामले की पुर्न विवेचना के लिए अर्जी लगाई जाएगी और जरूरत पड़ी तो कानून को गुमराह करने के आरोप में दोषियों के खिलाफ एक और मुकदमा दर्ज कराया जाएगा।

## छह माह में भी आगे नहीं बढ़ी विवेचना

काशीपुर। घटना को 6 माह से भी अधिक समय बीत चुके हैं लेकिन रामनगर पुलिस द्वारा विवेचना के नाम पर अब तक कुछ नहीं किया जा सका। आरोपी वाहन चालक के परिजन डंके की चोट पर कह रहे हैं कि वह किसी भी कीमत पर आरोपी युवक को कानून के समक्ष नहीं आने देंगे। उसके स्थान पर किसी अन्य ड्राइवर को भेजा जाएगा। इसकी रिकॉर्डिंग भी है।

# पांच के खिलाफ बिजली चोरी का केस

काशीपुर(उद संवाददाता)। विद्युत चोरी के आरोप में पुलिस ने तहरीर के आधार पर चार लोगों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत किया है। पुलिस को तहरीर देकर विद्युत विभाग के उपखंड अधिकारी सुनील कुमार ने बताया कि मोती मस्जिद, मोहल्ला थाना साबिक निवासी रियासत पुत्र अज्ञात, इकबाल पुत्र अज्ञात, असलम पुत्र शौकत तथा यहीं के हबीबुर पुत्र अब्दुल रहमान पिछले लंबे समय से एलटी लाइन में कटिया डालकर विद्युत चोरी किया करते थे। पुलिस ने तहरीर के आधार पर उपरोक्त चारों के खिलाफ धारा 135 विद्युत अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया है।

# गैंबलिंग एक्ट में सटोरिये का चालान

काशीपुर(उद संवाददाता)। सट्टे की अवैध खाई बाड़ी में लिप्त सटोरिया को पुलिस ने गश्त के दौरान दबोचकर तलाशी में उसके कब्जे से डायरी पेन पर्ची के अलावा 1500 रुपयों की नकदी बरामद किया है। पता चला है कि कोतवाली पुलिस क्षेत्र में गश्त पर थी इसी दौरान उसने ढकिया गुलाबो निवासी लाखन सिंह पुत्र स्वर्गीय जगत सिंह को मंदिर के पास से संदिग्ध हालत में चहलकदमी करते हुए दबोच कर उसके कब्जे से डायरी पेन और सट्टे की पर्ची के अलावा 1500 रुपए की नकदी बरामद की गयी। जरूरी पूछताछ के बाद गिरफ्तार सटोरिया का पुलिस द्वारा गैंबलिंग एक्ट के तहत चालान कर दिया गया।

# आबकारी निरीक्षक और उपनिरीक्षक समेत छह निलंबित

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। रोशनापुर गांव में नकली देसी शराब की फैक्टरी पकड़े जाने के बाद आबकारी आयुक्त हरिचंद सेमवाल ने दो आबकारी निरीक्षक व उप आबकारी निरीक्षक समेत छह लोगों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। इन सभी पर दायित्व निर्वहन में लापरवाही बरतने का आरोप है। साथ ही अवैध देसी शराब बनाने में अल्कोहल की आपूर्ति के आरोप में काशीपुर स्थित मैसर्स आईजीएल से भी तीन दिन में जवाब मांगा गया है। आबकारी आयुक्त के मुताबिक नकली देसी शराब की फैक्टरी का मामला कार्यक्षेत्र में होने और दायित्व निर्वहन में लापरवाही बरतने के आरोप में आबकारी निरीक्षक मोहन सिंह कोरंगा, प्रधान आबकारी सिपाही नितिन कुमार, आबकारी सिपाही जगवती व धर्म सिंह निलंबित हुए। साथ ही प्रवर्तन कार्य में ढिलाई बरतने पर काशीपुर में अतिरिक्त प्रभार देख रहे आबकारी निरीक्षक सोनू सिंह और ऊधमसिंह नगर के जिला प्रवर्तन में तैनात उप आबकारी निरीक्षक देवेंद्र कुमार को निलंबित किया गया। आबकारी आयुक्त ने नकली अवैध देसी शराब बनाने के लिए अल्कोहल की आपूर्ति करने के आरोप में काशीपुर की मैसर्स आईजीएल का लाइसेंस रद्द करने की चेतावनी दी है। उससे तीन दिन के भीतर स्पष्टीकरण मांगा गया है। संतोषजनक जवाब न मिलने पर उसे विधिसम्मत कार्रवाई की हिदायत दी गई है। नोटिस में मीडिया की खबरों के हवाले से कहा गया है कि आईजीएल काशीपुर में उत्पादित इथाइल अल्कोहल की आपूर्ति देश के विभिन्न स्थानों में ट्रकों से होती है। उसी तरीके से अवैध देसी शराब बनाने वालों को भी आपूर्ति की जा रही थी।


# पंचायत में चले लात घूंसे, नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष को पीटा

बाजपुर(उद संवाददाता)। यूपी की एक नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष ने उधम सिंह नगर के अपने कर्मचारी एवं आढ़ती से पंचायत में ही पैसों के लेनदेन को लेकर मारपीट कर डाली। पीड़ित युवक की आढ़त पर पहुँच कर पहले मारपीट की फिर मौजूद लोगो ने यूपी के नगर पंचायत पूर्व चेरमैन की जमकर धुनाई लगा दी। पूरा मामला सीसीटीवी लाइव कैद हो गयी। मामले को लेकर दोनों तरफ से तहरीर दे दी गयीं हैं जिसमें अब पुलिस कार्यवाही की तैयारी में जुट गयी है। बता दें कि पुराने लेन देन को लेकर दो पक्षों में काफी समय से विवाद चल रहा था। जिसके समाधान के लिए दोनों पक्षों के लोगों ने आपसी सहमति से बाजपुर के नगर पालिका पालिका कॉम्प्लेक्स में स्थित दुकान में पंचायत रखी थी। जिसमें दोनों पक्षों के लोग आपसी सहमति से मामले के समाधान के लिए अपनी अपनी बात रख रहे थे। उत्तर प्रदेश से आये भाजपा के पूर्व चेयरमैन हरिओम मौर्य ने पंचायत में गाली गलोज शुरू कर दी है। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि भाजपा के पूर्व चेयरमैन जूता हाथ में लेकर दुकान स्वामी को मारने की कोशिश करते नजर आ रहे हैं। देखते ही देखते मामला इतना बढ़ गया कि चेयरमैन ने पीड़ित दुकान स्वामी को थप्पड़ मार दिया। इस दौरान मामला इतना गरमा गया कि दोनों पक्षों के लोगों में लात घूसे चलने लगे। जिसकी वीडियो सोशल मीडिया पर जम कर वायरल हो रही है। इसका संज्ञान लेते हुए एसपी काशीपुर अभय प्रताप सिंह ने बताया कि सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रही है,जिसमे एक आढ़ती की दुकान में दो पक्षों में मारपीट होती दिखाई दे रही है। दोनों पक्षों की तरफ से कोतवाली में तहरीर दे दी गई है जिन पर अभियोग पंजीकृत किया जा रहा है। मामले की जाँच की जा रही है जाँच के बाद उचित कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। दुकान स्वामी का कहाना है कि इनका कुछ पिछला लेनदेन था जिसको लेकर इनसे फोन के माध्यम से बात हुई जिसके बाद ये एक दम दुकान पर आ धमके और गाली गलौच करते हुए मारपीट कर दी। इन्होने आरोप लगाया कि जिस तरह से मारपीट की है उस तरह से जान से मारने का इरादा था इनका।

# टॉल प्लाजा पर अब अब अधिक देना होगा शुल्क

किच्छा(उद संवाददाता)। किच्छा रोड स्थित ग्राम चुकटी देवरिया में टोल प्लाजा पर वाहन चालकों को अब एक जुलाई से अधिक शुल्क देना होगा। टोल प्रबंधक राहुल शर्मा ने बताया कि एनएचएआई की ओर से हर वर्ष एक अप्रैल को दरों में बदलाव किया जाता है। इस साल बदलाव नहीं किया गया था लेकिन अब एक जुलाई से नई दरें लागू की गई हैं। वाहन चालकों को सिंगल यात्रा के लिए कार के लिए 120, हल्के ट्रक के लिए 195, ट्रक 2 एक्सल के लिए 405, एक्सल 3 वाले ट्रक के लिए 440, मल्टी एक्सल ट्रक के लिए 635 देने होंगे। उन्होंने बताया कि मासिक पास की दर 330 की जा रही है। उन्होंने बताया कि यह सभी दरें केवल फास्टैग के माध्यम से ही लागू होंगी।

# जिलाधिकारी ने ली ट्रैकिंग रूट की जानकारी



पिथौरागढ़ (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी रीना जोशी द्वारा नेचर ट्रायल के दौरान थलकेदार ट्रैकिंग रूट का भ्रमण किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने प्रभागीय वनाधिकारी से उक्त ट्रैकिंग रूट की जानकारी लेने के साथ ही ट्रैकिंग रूट में पाए जाने वाले विभिन्न प्रजाति के पौधों एवम जंगली जानवरों आदि के संबंध में जानकारी ली। जिस पर उपप्रभागीय वनाधिकारी द्वारा जिलाधिकारी को उक्त संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। तत्पश्चात जिलाधिकारी ने थलकेदार मंदिर पहुंच कर पूर्ण विधि विधान द्वारा पूजा अर्चना कर थलकेदार मंदिर प्रांगण में पौंधा भी रोपा। इसके उपरान्त उन्होंने थलकेदार मंदिर से भिलोत ट्रैकिंग रूट का भी निरीक्षण किया। इस अवसर पर उपप्रभागीय वनाधिकारी ज्वाला प्रसाद, तहसीलदार पंकज चंदोला समेत पर्यटन विभाग के अधिकारी आदि उपस्थित थे।

# शिलापट तोड़ने पर भड़के कम्बोज समाज के लोग



गदरपुर(उद संवाददाता)। कम्बोज समाज के लोगों में तब आक्रोश पैदा हो गया जब कुछ शरारती तत्वों द्वारा शिलान्यास पट तोड़ दिया गया। आक्रोशित लोगों ने थाने पहुंचकर थानाध्यक्ष से मुलाकात कर शिलान्यास पट तोड़ने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। विदित है कि दो दिन पूर्व सकैनिया रोड श्री राम मंदिर के पास क्षेत्रीय विधायक अरविंद पांडे एवं पालिकाध्यक्ष गुलाम गौस द्वारा शहीद स्मारक पार्क बनाने के लिए शिलान्यास किया गया था, परंतु गुरुवार को कुछ शरारती तत्वों द्वारा उसे तोड़ दिया गया। इसकी सूचना जब कम्बोज समाज को मिली तो काफी संख्या में काम्बोज समाज के लोग पहुंच गये और इस घटना पर रोष जताया। इसके बाद करीब आधा दर्जन लोग थाने पहुंचे और थानाध्यक्ष राजेश पांडेय से मिले और इस घटना की जानकारी देते हुए कार्यवाही की मांग की। थानाध्यक्ष ने कहा कि मामले की जांच कर कार्रवाई अमल में लायी जायेगी। इस मौके पर ऋषभ कम्बोज, बलदेव सिंह, नितिन कुमार, सुरजीत सिंह,अमन कम्बोज, किशन, संदीप, डिंपल, रामचंद्र आदि लोग शामिल थे।

# केदारनाथ धाम के लिए बरसात में भी जारी रहेंगी हेली सेवाएं

देहरादून (उद संवाददाता)।इस बार केदारनाथ धाम के लिए दो हेलीकॉप्टर कम्पनियां बरसात में भी सेवाएं देती रहेंगी। इससे तीर्थयात्रियों को काफी सुविधा मिलेगी। हालांकि बरसात में केदारघाटी में हेलीकॉप्टर की उड़ानें मानसून के कारण नियमित नहीं रह पाती है। अधिकांश समय मौसम खराब होने के कारण सेवाएं बाधित रहती हैं।बीते सालों की तुलना में इस बार दो हेलीकॉप्टर सेवाएं मानसून में भी केदारनाथ के लिए उड़ान भरती रहेंगी। गुप्तकाशी से टांस भारत और शेरसी से हिमालय हेली की सेवा इस बार बरसात में भी यात्रियों को राहत देगी। हालांकि 7 जुलाई को एक मात्र आर्यन एविएशन की सेवा भी बंद हो जाएंगी। बता दें कि अभी तक केदारनाथ के लिए 9 हेलीकॉप्टर कम्पनियां सेवाएं दे रही थी किंतु बरसात के चलते करीब 6 हेलीकॉप्टर कम्पनियां लौट गई है। जिला पर्यटन अधिकारी एवं हेली सेवा के नोडल अधिकारी राहुल चौबे ने बताया कि आर्यन 7 जुलाई को सेवा बंद करते हुए लौट जाएगी। जबकि इसके बाद हिमालय हेली और टांस भारत मानसून सीजन में भी अपनी सेवाएं जारी रखेंगी। अन्य सभी कम्पनियों की सेवाएं बंद हो जाएंगी।

# अमित सागर बने एबीवीपी नैनीताल विभाग के सह संयोजक

सितारगंज(उद संवाददाता)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद उत्तराखंड का चार दिवसीय अभ्यास वर्ग यमुनाघाटी पुरोला में संपन्न हुआ। अभ्यास वर्ग में पूरे उत्तराखंड के कोने-कोने से कार्यकर्ताओं ने प्रतिभाग किया अभ्यास वर्ग के अंतिम दिन घोषणा सत्र में कुछ कार्यकर्ताओं को नवीन दायित्व से नवाजा गया। जिसमें सितारगंज के जिला संयोजक अमित सागर को नैनीताल विभाग के सह संयोजक की जिम्मेदारी सौंपी गई। सागर ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद उत्तराखंड के शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा की मुझ जैसे सामान्य कार्यकर्ता को संगठन ने जो महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है उसका में निस्वार्थ भाव से कार्य करूंगा और मैं अपने आप को बहुत ही सौभाग्यशाली समझता हूं कि मैं विश्व के सबसे बड़े छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का कार्य करता हूं मैं विश्वास दिलाता हूं की अपनी क्षमता से ज्यादा संगठन के लिए कार्य करूंगा और संगठन को और ज्यादा मजबूती के साथ विस्तार करने का भी प्रयास करूंगा। सागर ने नवीन दायित्व मिलने के उपरांत देहरादून पहुंच कर उत्तराखंड के लोकप्रिय कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा से शिष्टाचार भेंट की इस अवसर पर मंत्री सौरव बहुगुणा ने सागर को नवीन दायित्व की मिष्ठान खिलाकर शुभकामनाएं दी।



# मुख्यमंत्री के समक्ष उठाई किसानों की विभिन्न समस्याएं

देहरादून (उद संवाददाता)। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के किसानों का एक प्रतिनिधिमंडल बाबा राजेंद्र सिंह मलिक के नेतृत्व में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मिला और उत्तराखंड के किसानों की समस्याओं पर चर्चा की। प्रतिनिधि मण्डल ने कहा कि उत्तराखंड राज्य की पहाड़ी भौगोलिक स्थिति ऐसी है कि खेती योग्य जमीन कुल भूमि का केवल 10 से 15 % है साथ ही प्रति परिवार औसतन 1 हेक्टेयर से कम जमीन है इसलिए पहाड़ों की आबादी के अस्तित्व के लिए फसलों की एमएसपी तय करना वा उसकी है खरीद की व्यवस्था करना महत्वपूर्ण है । खेती से आमदनी नहीं होने के चलते अधिकांश लोग मैदानी इलाकों में पलायन कर गए हैं लेकिन अब आप की सरकार पहाड़ी क्षेत्रों में खेती को प्रोत्साहन दे रही है और खेती को रोजगार के रूप में देखा जा रहा है। प्रतिनिधि मण्डल ने मुख्यमंत्री को सौंपे ज्ञापन में कहा कि वर्ग 4, वर्ग ख, की जमीनों का नियमितीकरण वर्तमान फसली तक 2016 के प्रथम नियमितीकरण शासनादेश के अनुरूप किया जाए। बंजर एवं वर्ग 5 पर वर्षों से काबिज किसानों को मालिकाना अधिकार दिया जाए। बाजपुर विकासखंड की 20 ग्रामों की लंबित भूमि संबंधित समस्या का किसानों के हित में समाधान किया जाए। गदरपुर की नवीन मंडी का निर्माण पूर्ण करवा कर खरीफ फसल 2023 के खरीद से पूर्व नवीन मंडी को प्रारंभ किया जाए। जिला उधम सिंह नगर की सभी अनाज मंडियों में किसानों के लिए किसान भवन बनाने एवं किसानों के लिए शौचालय की सुविधा की जाए। उत्तर प्रदेश सरकार की भांति उत्तराखंड में भी किसान दुर्घटना सहायता राशि 500000 की योजना प्रारंभ की जाए । रुद्रपुर में प्रस्तावित रिंग रोड एवं अन्य निर्माणाधीन राजमार्गों पर मिट्टी की उपलब्धता उधम सिंह नगर के जलाशयों में जमा हुई सिल्ट से करवाई जाए जिससे राजस्व प्राप्ति के साथ–साथ जलाशयों में जल संग्रह क्षमता बढ़ जाएगी जिसे भूमि में जल रिचार्ज क्षमता बढ़ेगी भूमि जल स्तर सामान्य होगा । ग्रामीण क्षेत्रों में जर्जर सड़कों को चिन्हित कर अति शीघ्र



पुनर्निर्माण कर किसानों को मंडी में फसल लाने हेतु असुविधा से बचाया जाए। उत्तराखंड में मंडी विपणन बोर्ड द्वारा फसल फसल क्षति योजना दी जाने वाली सहायता राशि के मानक 2014 के उपरांत संशोधित नहीं किए गए हैं इन को संशोधित किया जाये। किसानों की अग्नि द्वारा फसल जल जाने पर प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत कोई बीमा क्लेम नहीं मिलता जिससे किसानों को आर्थिक हानि होने से शरण का दबाव बढ़ जाता है। आगामी खरीफ फसल की खरीद नीति पर समय पूर्व निर्णय कर लागू की जाए। जलवायु परिवर्तन के कारण अक्सर प्रतिकूल परिस्थितियों में धान की फसल पककर तैयार होती हैं जिससे प्राय फसल को गुणवत्ता निर्धारित मानकों के अनुसार नहीं हो पाती हैं मांगों में छूट दी जाए। उत्तराखंड में मंडी शुल्क उत्तर प्रदेश की अपेक्षा अधिक होने के कारण बाहरी प्रदेशों से पूर्व में उत्तराखंड में आने वाले खरीददार व्यापारी का झुकाव उत्तर प्रदेश की मंडियों में बढ़ गया है एवं किसानों को धान की फसल का उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा है जिससे बिलासपुर रामपुर की मंडी में फसल आवक एवं फसल मूल्य अधिक रहता है जिससे उधम सिंह नगर की मंडियों को राजस्व की हानि हो रही है मंडी शुल्क उत्तर प्रदेश के बराबर किया। प्रतिनिधि मण्डल ने कहा कि आगामी सत्र पेराई 23 व 24 में गन्ना मूल्य 500 प्रति क्विंटल किया जाए गत वर्ष से इस वर्ष लग लागत 3 गुना बढ़ गई है तथा धान व गेहूं की भी लागत आधार पर मूल्य बढ़ाया जाए और गन्ने का भुगतान जल्द किया जाए अगर देरी होती है तो किसान को उसका ब्याज भी दिया। आवारा पशुओं से किसानों की फसलों को बचाया जाए तथा पशुओं को कोई कानूनी और ठोस हल निकाला जाए। उत्तराखंड की सभी चीनी मिलों को पंजाब हरियाणा की तर्ज पर हाईटेक बनाया जाए । उनमें लगी पुरानी मशीनरी को हटाकर सभी नई मशीनों के उपकरण बॉयलर मोटर, जनरेटर लगाई जाएं। मुख्यमंत्री ने मांगों पर विचार कर उन पर अमल करने का आश्वासन दिया और उत्तराखंड में जल्द होगा ऑर्गेनिक बोर्ड का गठन की भी जानकारी दी। बैठक में शामिल किसान नेता भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के चेयरमैन बाबा राजेंद्र सिंह मलिक जी , राष्ट्रीय प्रवक्ता धर्मेंद्र मलिक, अशोक बालियान अध्यक्ष पीजेंट वेलफेयर, सलविंदर सिंह कलसी प्रदेश अध्यक्ष उत्तराखंड, दिगंबर सिंह युवा प्रदेश अध्यक्ष, जोगिंद्र राठी प्रदेश उपाध्यक्ष, वीरेंद्र सिंह प्रभारी गढ़वाल मंडल, विक्रम सिंह गोराया जिला अध्यक्ष उधम सिंह नगर, अमनदीप सिंह बठला, अनुज राणा जिलाध्यक्ष हरिद्वार आदि लोग उपस्थित थे।

## श्री अनंत प्रेम आश्रम में सामुदायिक भवन का निर्माण शुरू

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। वार्ड नंबर 30 आदर्श कॉलोनी में स्थित श्री अनंत प्रेम आश्रम में सामुदायिक भवन के निर्माण कार्य का मेयर रामपाल सिंह एवं आश्रम की पूजनीय निष्ठानंद बाईजी ने पूजा अर्चना के साथ संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर शुभारम्भ किया। इस अवसर पर मेयर रामपाल सिंह ने कहा कि शहर का चहुमुखी विकास उनकी प्राथमिकता है। शहर को मॉडल के रूप में विकसित करने के प्रयास लगातार जारी है। सभी वार्डो में विकास कार्यो को धरातल पर उतारा जा रहा है। जनता से किये गये वायदों को पूरा करने के साथ नई योजनाओं को भी धरातल पर उतारा जा रहा है। मेयर ने कहा नगर



निगम के माध्यम से जो भी कार्य संभव हैं उन्हें कराने के लिए वह कोई कसर नहीं छोड़ रहे। धार्मिक स्थलों के विकास के लिए भी विशेष रूप से प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होनें कहा कि सभी विकास कार्य पारदर्शिता के साथ कराये जा रहे हैं। विकास कार्यों में किसी भी तरह की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जायेगी। मेयर ने कहा कि जनता ने जिन उम्मीदों के साथ उन्हें सेवा का अवसर दिया है उन उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए वह कोई कसर नहीं छोड़ रहे। इस दौरान उपस्थित लोगों ने मेयर रामपाल का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर वार्ड के पार्षद आयुष तनेजा, बॉबी टुटेजा,नितिन परुथी, चेतन खनिजो, राजकुमार सीकरी, गुलशन बजाज, शिवकुमार, पवन खनिजो, जसपाल अरोरा ,राजू हुड़िया, राजकुमार गोयल, राजेंद्र हुड़िया, मनोज रघुवंशी, राजेश जग्गा, आशीष हुड़िया, जतिन नागपाल, सुभाष गगनेजा,सोनू अरोरा, रुपेश अरोरा, लक्ष्य भुसरी आदि लोग उपस्थित रहे।

## सड़क किनारे युवक का शव मिलने से सनसनी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। बरेली रोड़ स्थित तीनपानी बाईपास में सड़क किनारे युवक का शव पाए जाने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। जानकारी मिलने पर वहां लोगों की भीड़ लग गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम भिजवाकर मामले की जांच शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार तीनपानी गौला बाईपास रोड में राह गुजरते लोगों ने सड़क किनारे एक युवक का शव पड़ा देखा। इसकी सूचना उन्होंने पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लेने के साथ ही शव कब्जे में ले लिया। पुलिस द्वारा वहां मौजूद लोगों से मृतक की शिनाख्त करने के लिए बुलाया गया। मृतक की उम्र करीब 25 वर्ष के आस–पास बताई जा रही है। मंडी पुलिस चौकी प्रभारी गुलाब सिंह कंबोज ने बताया कि युवक सड़क किनारे मृत हालत में पाया गया था। मृतक की पहचान भोटिया पड़ाव निवासी अर्जुन के रूप में हुई है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और परिजनों से पूछताछ की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारण का पता चलेगा।



# सार्वजनिक स्थानों पर खुलेआम टकराए जा रहे हैं जाम

## कोढ़ में खाज साबित हो रही हैं मांसाहारी खाद्यान्न की दुकानें

काशीपुर(उद संवाददाता)। सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने पिलाने का सिलसिला यहां पुलिस की लाख कोशिशों के बावजूद खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। फैली अव्यवस्था के कारण झगड़ा फसाद व दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। ज्ञातव्य है कि कटोराताल पुलिस चौकी क्षेत्र में पिछले कुछ समय से चीमा चौराहा सार्वजनिक स्थान पर शराब पी पिलाए जाने के मामले में पूरी तरह बदनाम हो चुका है। सूत्र बताते हैं कि यहां शाम से लेकर देर रात तक शराबी यत्र तत्र स्थानों पर सड़क किनारे खुले आम जाम से जाम टकराते हैं। इसी तरह कोर्ट रोड पर साहनी रिसोर्ट के आसपास एवं पोस्टमार्टम हाउस मोड़ के समीप सार्वजनिक स्थान पर सड़क किनारे खुलेआम पैग से पैग टकराए जा



रहे हैं। इसी तरह बांसफोड़ान पुलिस चौकी क्षेत्र में मुरादाबाद रोड पर देसी शराब की दुकान के समीप खुली मांसाहारी खाद्यान्न की दुकानों पर देर रात तक शराबी जाम से जाम टकराते देखे जा रहे हैं। ऐसे ही महेशपुरा पुलिया के समीप एक ठेले पर शराबियों की जमघट देखी जाती है। टांडा उज्जैन पुलिस चौकी क्षेत्र में अलीगंज रोड पर बैंक ऑफ इंडिया के सामने हालिया खुली नॉनवेज की एक दुकान के पीछे शराब पिलाई जाने की सूचना है। टांडा उज्जैन चौराहे पर फलों की दुकानों के आसपास संचालित चाय जूस की दुकानों के अलावा किराना की दुकानों में भी शराबी देर रात तक धमाचौकड़ी मचाते बताए जाते हैं। उधर इसी चौकी क्षेत्र में रोडवेज के सामने वाली गली सार्वजनिक स्थान पर शराब पिलाने के मामले में पहले से ही कुख्यात है। ऐसे ही अलीगंज रोड पर देसी शराब के ठेके के ठीक बगल सड़क किनारे मांसाहारी खाद्यान्न के ठेले पर शराबी खुलेआम जाम से जाम टकराते देखे जा रहे हैं। सीओ आवास के ठीक सामने खुली जूस की दुकान में भी जूस विक्रेता पलक झपकते ही दारू को जूस में मिक्स कर ग्राहक को परोसने का काम कर रहा है। इसी तरह महाराणा प्रताप चौराहे पर कुछ जूस की दुकानों पर जूस में शराब मिलाकर दिलाए जाने की सूचना है। अपर पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सामने स्थित फास्ट फूड के ठेलों पर भी देर रात तक शराब खोरी का चलन बढ़ गया है।

## टाटा उज्जैन रेलवे क्रॉसिंग के दोनों ओर धड़ल्ले से बिक रही है कच्ची शराब

काशीपुर। टांडा उज्जैन रेलवे क्रॉसिंग के दोनों ओर आज भी कच्ची शराब धड़ल्ले से बेची जा रही है। रेलवे क्रॉसिंग के छोर पर कंचन नामक शख्स सुबह सवेरे से देर रात तक जहरीली कच्ची शराब बेचता बताया जा रहा है तो वहीं क्रॉसिंग के दूसरी ओर शुगर फैक्ट्री गेट पर एक अन्य शख्स द्वारा कानून की आंख में धूल झोंक कर अवैध कच्ची शराब की बिक्री की जा रही है। जानकारी के मुताबिक कंचन नामक शख्स के खिलाफ पूर्व में कई मुकदमे दर्ज हैं इसी तरह शुगर फैक्ट्री गेट के समीप शराब की बिक्री में लिप्त शख्स भी पूर्व में कई बार पकड़ा जा चुका है।

## पुलिस के निशाने पर आए 21 और शराबी

काशीपुर। इवनिंग स्टॉर्म अभियान के तहत अलग-अलग स्थानों पर खुले में शराब पीकर हुड़दंग मचाने वाले 21 और लोगों के खिलाफ पुलिस ने एक बार फिर से कार्रवाई की लेकिन मजे की बात है कि यह सिलसिला यहां क्षेत्र में थमने का नाम नहीं ले रहा है। समाज के प्रबुद्ध तबके का मानना है कि यदि मांसाहारी खाद्यान्न की दुकानों पर पैनी नजर रखते हुए दुकान संचालकों को इस बाबत सख्त ताकीद किया जाए तो मुमकिन है सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने पिलाने के दस्तूर को कम किया जा सकेगा।




# आपराधिक घटनाओं के खुलासे में सीसीटीवी अहम :डीजीपी

## पुलिस महानिदेशक ने बहुद्देशीय भवन में सीसीटीवी कंट्रोल रूम का किया उदघाटन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। अब हल्द्वानी शहर के साथ ही साथ निकटवर्ती ग्रामीण क्षेत्र भी सीसीटीवी के माध्यम से पुलिस की पैनी नजरों में आ जाएंगे। उत्तराखंड पुलिस के महानिदेशक अशोक कुमार ने आज कोतवाली के बहुद्देश्यीय भवन में बनाये गए सीसीटीवी कंट्रोल रूम का विधिवत उदघाटन किया। उन्होंने बताया कि करीब एक करोड़ लागत से बने सीसीटीवी कंट्रोल रूम का मकसद शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों को सीसीटीवी से कवर करना है। ताकि हर छोटी बड़ी घटनाएं कैद हो सके। डीजीपी अशोक कुमार ने कहा कि अब समय डिजिटल का है, ऐसे में पूरे शहर को सीसीटीवी से लैस रखना बेहद जरूरी है। क्योंकि कई सारी आपराधिक घटनाओं का खुलासा



करने में सीसीटीवी भी मददगार साबित हो रहा है। साथ ही कई ऐसे पॉइंट सीसीटीवी से संचालित होते हैं। जहां पर यातायात काफी व्यस्त रहता है। लोकार्पण के दौरान आईजी कुमाऊं नीलेश आनंद भरणे, एसएसपी नैनीताल पंकज भट्ट, एसपी क्राइम जगदीश चंद्र, एसपी सिटी हरबंस सिंह, सीओ भूपेंद्र धौनी, कोतवाल हरेन्द्र चौधरी समेत अन्य अधिकारी रहे।

# बारिश ने उमस भरी गर्मी से दिलाई राहत

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। बारिश से मौसम में बदलाव आया है। लगातार हो रही उमस भरी गर्मी से लोगों को कुछ राहत मिली है। हालाकि, कुछ ही देर बारिश होने के बाद बंद हो गई। आसमान में बादल छाए हुए हैं। पिछले दो-तीन दिनों से लोग बारिश का इंतजार कर रहे थे लेकिन अब तक मामूली बारिश ही दर्ज की गई है। बारिश के बाद किसानों ने धान की रोपाई शुरू कर दी है। फसलों के लिए हल्की बारिश अच्छी मानी जा रही है। इधर, हल्की बारिश में ही नगर निगम की सफाई के दावों की पोल खुलती नजर आ रही है। नालियों की ठीक से सफाई न होने के कारण नालिया चोक हो रही है और सड़कों पर गंदे पानी का भराव दिख रहा है।

# सेमीनार में युवाओं को दी देश के विकास की जानकारी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। बजाज ऑटो एवं भारतीय युवा शक्ति है ट्रस्ट उध क केएम शर्मा ने केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के जरिए देश के आर्थिक व सामाजिक विकास हुआ है और यह भारत की अर्थ हुए युवाओं को खुद का उद्योग आरम्भ करने के लिए प्रेरित किया और श्रीमती






मसिंघनगर द्वारासिटी क्लब में अंतरराष्ट्रीय एमएसएमई दिवस पर सेमीनार का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता उत्तराखंड ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय प्रबन्ध सन्दर्भ में एमएसएमई के जरिए देश के आर्थिक विकास की जानकारी दी। ट्रस्ट के उधमसिंघनगर कार्यालय के मुख्य मेंटर अनूप सिंह ने कहा कि एमएसएमई के व्यवस्था की रीढ़ है। उन्होंने भारतीय युवा शक्ति ट्रस्ट के इतिहास एवं उधमसिंघनगर ऑफिस की उपलब्धियों की भी जानकारी दी। टाटा स्ट्राइव के विनय शुक्ल ने आये श्वेता वर्मा ने बजाज ऑटो और बीवाईएसटी सम्बन्ध पर विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में बिभिन्न बैंक के अधिकारी, मेंटर्स,युवा उद्यमी और कॉलेज छात्राओं ने भाग लिया।

# चोरों ने राजकीय कन्या विद्यालय के ताले तोड़े

## कंप्यूटर कक्ष से उड़ाया सीपीयू

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। दिनेशपुर क्षेत्र एक के बाद एक हो रही चोरी की वारदातों से लोग परेशान हो रहे हैं। अब चोरों ने नगर के राजकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के कंप्यूटर कक्ष का ताला तोड़कर सीपीयू चुरा लिया। प्रधानाचार्य ने थाने में तहरीर देकर चोरी के खुलासे की मांग की है। गुरुवार को प्रधानाचार्य श्याम बहादुर ने थाने में तहरीर देकर कहा बीते 23 मई को भोजन माता ने उन्हें फोन करके बताया कि विद्यालय में स्थित रसोई और कंप्यूटर कक्ष का ताला टूटा पड़ा है। बुधवार को जब वह स्कूल में आए तो देखा कि कंप्यूटर कक्ष से सीपीयू गायब है। इन दिनों एक के बाद एक हो रही चोरी की वारदातों ने पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर प्रश्न चिह्न लगा दिया है। थाना क्षेत्र में पुलिस तथा ग्राम सुरक्षा कर्मी होने के बाद भी चोर घटनाओं को लगातार अंजाम दे रहे हैं। वहीं इस संबंध में थानाध्यक्ष अनिल उपाध्याय ने बताया कि अधिकतर घटनाओं को नशेड़ी किस्म के लोग अपने नशे की लत को पूरा करने के लिए अंजाम दे रहे हैं। पुलिस चोरों की सुराग लगा रही है, जल्द ही आरोपी गिरफ्त में होंगे।

# मस्जिदों में अदा की गयी ईद की नमाज

गदरपुर(उद संवाददाता)। ईद-उल-अजहा (बकरीद) पर क्षेत्र में कानून एवं शांति व्यवस्था और सुरक्षा के मद्देनजर व्यापक सुरक्षा प्रबंध किए गए। ईद की नमाज के लिए चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात रहा और हर एक गतिविधि पर पुलिस ने पैनी नजर बनाए रखी। गदरपुर के ईदगाह में बरसात के कारण ईद की नमाज अदा नही हो सकी इसीलिए शहर की सभी मस्जिदों में ईद की नमाज अदा की गई। इस दौरान देश की तरक्की और खुशहाली की दुआएं मांगी गई। गदरपुर थानाध्यक्ष राजेश पांडेय ने ईद की मुबारकबाद देते हुए कहा कि ईद के त्यौहार को सादगी और आपसी भाई चारे के साथ मनाए। नगर पालिका अध्यक्ष गुलाम गौस ने कहा कि हमारा भारत देश कोमी एकता का गुलदस्ता है और उसी



संकला में ईद का त्यौहार शांतिपूर्ण तरीके से मनाया गया हमारे शहर गदरपुर मे शान्तिपूर्ण तरीके नमाज अदा की गई और नमाज के दौरान देश की तरक्की और खुशहाली की दुआएं मांगी गई। शहरी इमाम जाने आलम के द्वारा जामा मस्जिद में नमाज को अदा कराया गया इस मौके पर अयूब ,जफर,रईस अहमद, युनूस, हसीन अहमद ,मौलाना शाकिर,सिराज अहमद,अदीब गौस,अफनान,डॉ अकबर अली,सज्जाद हुसैन,मुशाहिद अली,हाजी मोहम्मद रफी, हाजी खलील अहमद ,इदरीस,अहमद, सज्जाद हुसैन,नासिर हुसैन,जाकिर हुसैन,नईम,नजीर हुसैन सहित आदि सैकड़ों की तादाद में लोगों ने ईद की नमाज को शिद्दत के साथ अदा किया।

# दुकान में घुसकर 1.10 लाख रुपये उड़ाये

गदरपुर(उद संवाददाता)। बारदान व्यापारी की अनुपस्थिति में अज्ञात व्यक्ति ने दुकान में घुसकर सेफ का ताला तोड़कर 1.10 लाख रुपये उड़ा लिये। जब व्यापारी दुकान पर पहुंचा तो उसके होश उड़ गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच में जुट गयी है। अनाज मंडी स्थित अनुज अग्रवाल की बारदान की दुकान है। गुरुवार को दुकान स्वामी सायं करीब 7.30 बजे कुछ समय के अपनी दुकान का शटर नीचे कर अपने घर पर काम से गया था। जब कुछ देर बाद पहुंचा और उसने दुकान का शटर उठा देखा और दुकान में रखी सैफ को टूटा देखा तो उसके होश उड़ गये। उसने देखा तो सैफ में रखे 1.10 लाख रुपये गायब थे। दुकानदार अनुज ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर एसआई पूरन सिंह तोमर पुलिस टीम के साथ पहुंचे और दुकान स्वामी से घटना



की जानकारी ली। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पूर्व व्यापार मंडल अध्यक्ष पंकज सेतिया, व्यापार मंडल अध्यक्ष दीपकबेहड़,महामंत्री संदीप चावला, कोषाध्यक्ष राहुल अनेजा सहित काफी संख्या में व्यापारी पहुंच गये और उन्होंने इस घटना की निंदा करते हुए शीघ्र खुलासे की मांग की है। वहीं एसआई पूरन सिंह रावत ने कहा शीघ्र ही घटना का खुलासा किया जायेगा। पुलिस इस मामले में आस-पास के कैमरे से जांच कर पता लगाने का प्रयास कर रही है।

उत्तरांचल दर्पण
सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# अर्थव्यवस्था के लिए बेरोजगारी चुनौती

कृषि अर्थव्यवस्था का इकलौता क्षेत्र है, जो घाटे के बावजूद बंद नहीं होता। यहां श्रमशक्ति का लगभग 45-50 फीसद हिस्सा रोजगार पाता है। कृषि क्षेत्र में ज्यादातर रोजगार मौसमी होते हैं। फिर भी इस क्षेत्र को अधिक प्रोत्साहन और समर्थन दिया जाए तो भारत की बेरोजगारी की समस्या काफी हद तक सुलझ सकती है। कोई अवस्था लंबी अवधि तक बनी रहे तो उसके प्रति सहज भावना पैदा होने लगती है। यह सहजता धीरे-धीरे स्थायी हो जाती है। एक सीमा के बाद दर्द का अहसास न होना इसी प्रक्रिया का परिणाम है। बेरोजगारी के साथ भी कुछ ऐसा ही प्रतीत होता है। अर्थव्यवस्था में बेरोजगारी का स्थायी भाव अच्छा संकेत नहीं है। वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान मासिक औसत बेरोजगारी दर 7.6 फीसद के उच्चस्तर पर बनी रही। लेकिन कहीं से कोई खास विमर्श का स्वर सुनाई नहीं पड़ा। ऐसा लगता है कि शायद बेरोजगारी का अहसास जाता रहा! यह मानव मन में बेरोजगारी के सहज हो जाने का संकेत है। बेरोजगारी का स्थायी भाव अस्थिरता है। यानी बेरोजगारी जितनी स्थायी होगी, अस्थिरता उतनी ही बढ़ती जाएगी। अस्थिरता क्या कुछ करती है, बताने की जरूरत नहीं। मनोभावों के बदलने से आंकड़े नहीं बदलते। अलबत्ता आंकड़े मनोभावों को बदल देते हैं। बेरोजगारी का सवाल आंकड़ों से आगे का है और मानव मन आज इसी सवाल में उलझ कर रह गया है। बेरोजगारी के आंकड़े इतने भारी हो गए हैं कि अब इन्हें न तो मानव मन ढो पाने की स्थिति में है, और न अर्थव्यवस्था ही। 'सेंटर फार मानिटरिंग इंडियन इकोनामी' (सीएमआइई) के अनुसार, बीते वित्त वर्ष में उपभोक्ता मनोभाव सूचकांक की औसत मासिक वृद्धि दर 2.68 फीसद रही। इस धीमी वृद्धि दर का परिणाम है कि उपभोक्ता मनोभाव सूचकांक महामारी से पूर्व के स्तर पर आज तक नहीं पहुंच पाया। मौजूदा वित्त वर्ष के अंत तक भी उस स्तर पर पहुंचने की संभावना कम है। महामारी से ठीक पहले फरवरी 2020 में उपभोक्ता मनोभाव सूचकांक 105.3 पर था, जो मार्च 2023 में 89.18 पर दर्ज किया गया। मानसून पर संभावित अल नीनो प्रभाव और निजी निवेश में अनवरत सुस्ती के मद्देनजर मौजूदा वित्त वर्ष में भी उपभोक्ता मनोभाव सूचकांक का संभवत: यही हाल रहने वाला है। उपभोक्ता मनोभाव का ऊपर उठना आमदनी पर निर्भर करता है और ऊंची बेरोजगारी दर इसकी संभावना को धूमिल कर देती है। जाहिर है, इसका असर अर्थव्यवस्था पर होगा और अर्थव्यवस्था का असर मानव जीवन पर, सामाजिक ताने-बाने पर। बीते वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में विकास दर घटकर 4.4 फीसद रह गई और चौथी तिमाही में इसके और नीचे जाने की आशंका है। वैश्विक मंदी की आशंकाओं के बीच मौजूदा वित्त वर्ष का परिदृश्य भी सुखद नहीं है। वैश्विक वित्तीय एजेंसियों ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए भारत की वृद्धि दर के अनुमान घटा दिए हैं। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आइएमएफ) ने 6.1 फीसद के अपने अनुमान को घटाकर 5.90 फीसद कर दिया।

# ईमानदारी से किया गया कर्म ही श्रेष्ठ

अपने कर्म में एकाग्र व्यक्ति सिद्धि प्राप्त कर जाता है। सेवक को सेवक धर्म निभाते हुए, पतिव्रता स्त्री को अपना



पतिव्रत धर्म निभाते हुए अपने-आप सिद्धि मिल जाती है। महा भारत की एक घटना है- कौशिक मुनि एक वृक्ष के नीचे तपस्या में लीन थे। एकाग्रचित्त उस वृक्ष के ऊपर एक चिड़िया बैठी थी। चिड़िया ने बीट कर दी। बीट कौशिक मुनि पर गिरी। उनकी तपस्या भंग हो गई...तपस्या भंग होते ही उन्होंने बीट गिरने के कारण की खोज की। नजरें इधर-उधर घुमाई और जब ऊपर देखा तो चिड़िया पर नजर टिक गई और तपस्वी की नजर पड़ते ही चिड़िया जल कर भस्म हो गई....ओह.. ..मैंने इतनी सिद्धि प्राप्त कर ली। मुनि के मन के किसी कोने में अहंकार पैदा हो गया और अहंकार भगवान रहने नहीं देते। एक दिन कौशिक मुनि भिक्षा लेने के लिए नगरी की ओर गए। एक महिला के घर के द्वार पर अलख जगा दी-भिक्षाम देहि-महिला बाहर आई। मुनि को प्रणाम किया। वह बहुत ईश्वर-भक्त थी। संतों का बड़ा सम्मान करती थी। हाथ जोड़ कर मुनि से कहा आप ठहरें, मैं अभी आती हूं महिला अंदर गई। इतने में महिला का पति काम से घर आ गया, पतिब्रता स्त्रियां सबसे पहले अपने पति की सुख-सुविधा का ध्यान रखती हैं। उनकी सेवा में रहती हैं वह महिला भी अपने पति की सेवा में लग गई पति के नहाने के लिए पानी की व्यवस्था की, फिर भोजन बनाया, पति को परोसा पति ने खाया पति के खाते-खाते पतिव्रता ने उसे पंखा भी किया पति ने भोजन समाप्त किया वह आराम करने के लिए पलंग पर लेट गया और जब तक पति सो नहीं गया, वह उसकी सेवा में ही रही पति के घर आने और पति के सो जाने तक, वह पति की सेवा में इतनी मग्न हुई कि उसे यह भूल ही गया कि द्वार पर कोई मुनि खड़े हैं। वह चिंतित हुई भागी-भागी द्वार पर गई ऋिषि से बोली क्षमा करें महाराज, मैं पति सेवा में लग गई थी और यह भूल ही गई कि आप द्वार पर खड़े है, मुनि पहले ही क्रोध मे थे, महिला द्वार भिक्षा ना लाने पर वह और भी क्रोधित हो गये कहने लगे तुम जानती नहीं मै कौन हूं ? मैं द्वार पर भिक्षा के लिए खड़ा रहा और तुम भिक्षा लाने की बजाय अपनी पति की सेवा में व्यस्त हो गई। पतिव्रता स्त्री को किसी मुनि के क्रोध और शॉप का भय नहीं होता क्योंकि उसका अपना आत्मबल दूसरे से कहीं अधिक होता है मुनि द्वारा यह कहने पर कि तुम मुझे नहीं जानती कि मैं कौन हूं, उस महिला ने कहा- मैं जानती हूं आप कौन है? लेकिन मैं वृक्ष पर बैठी हुई चिड़िया नही,जिसे आप जला देगें। सुन कर मुनि बडे चकित हुए यह घटना तो वन की है, यहां से काफी दूर यह घटना भी मेरे साथ घटी थी, किसी और को इसका पता तक नही था,लेकिन इसे कैसे पता चला कि मेरे देखने मात्र से ही एक चिड़िया भस्म हो गई थी मुनि ने पूछा-तुम्हें कैसे पता है कि मेरे देखने मात्र से ही चिड़िया भस्म हो गई थी ? उस पतिव्रता ने कहा-आपने अपने कर्म से सिद्धि प्राप्त की, मैंने अपने पतिव्रत धर्म के पालन से सिद्धि प्राप्त की है, इसीलिए मुझे सब पता चल गया आप अपने कर्म में सिद्ध हैं, मैं अपने कर्म में।. सुन कर मुनि बड़े लज्जित हुए। उनका अहंकार भंग हुआ कर्म कैसा भी हो, उसमें तन्मयता न हो, तो वह फलीभूत नहीं होता, मालिक की सेवा ईमानदारी से की जाए तो मालिक प्रसन्न होता हैं। ईश्वर की आराधना अपनी मैं को हटा कर की जाए, तो ईश्वर प्रसन्न होते हैं, मालिक और ईश्वर के प्रसन्न होने पर किसी चीज की कमी नहीं रहती। कर्म अपने आप सिद्ध हो जाता है। इसलिए जो भी कर्म करें ईमानदारी से करें। तन्मयता से करें सिद्धि अपने आप प्राप्त हो जाएगी, फल अपने आप मिल जाएगा।

प्रस्तुति- **नरेश कुमार सेठ,रूद्रपुर**

# जिस क्षेत्र में प्रोजेक्ट टाइगर हुआ था लांच,उसी क्षेत्र में बनाया जाएगा ग्लोबल टाइगर डे

रामनगर(उद संवाददाता)। हर वर्ष 29 जुलाई को बाघों के संरक्षण एवं संवधन और इसके प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए विश्व बाघ दिवस मनाया जाता है। साल 2010 में रूस के पीटर्स बर्ग में आयोजित इंटरनेशनल कांफ्रेंस में हर साल 29 जुलाई को विश्व बाघ दिवस मनाने का फैसला लिया गया,जिसमे बाघों वाले 13 से ज्यादा देश शामिल थे। वहीं इस बार कॉर्बेट टाइगर रिजर्व में ग्लोबल टाइगर डे बनाया जाएगा,जिसमे देश के टाइगर रिजर्वों से अधिकारी व बाघों के संगरक्षण में जुटे कई लोग सामिल होंगे।जो बाघों के संगरक्षण व संवर्धन पर बात करने के साथ ही मानव वन्यजीव घटनाओं के साथ ही बाघों के कोरिडोर्स आदि पर भी बात करेंगे. गौरतलब है कि देश में बाघों के संरक्षण के लिए कॉर्बेट टाइगर रिजर्व से पहली



बार 1 अप्रैल साल 1973 में प्रोजेक्ट टाइगर लॉन्च किया गया था, जो आज भी काम कर रहा है। यहां पर पक्षियों की 500 से अधिक प्रजातियां, 110 प्रकार के पेड़ पौधे, करीब 200 प्रजातियों की तितलियां, 1200 से ज्यादा हाथी, 250 से अधिक बाघ, नदियां, पहाड़ शिवालिक आदि कॉर्बेट को दिलचस्प बनाती हैं। जिसके दीदार के लिए देश-विदेश से पर्यटक लाखों की संख्या में हर वर्ष कॉर्बेट पार्क पहुंचते हैं। इस संबंध में जानकारी देते हुए कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के निदेशक डॉ धीरज पांडे ने बताया कि इस वर्ष ग्लोबल टाइगर डे उच्चस्तर से कॉर्बेट टाइगर रिजर्व रामनगर में बनाए जाने का निर्णय लिया गया है,उन्होंने बताया कि जिसको लेकर हमने अपनी तैयारियां शुरू कर दी है,डायरेक्टर ने बताया कि इसमें सभी टाइगर रिजर्व के फील्ड डायरेक्टर,चीफ वाइल्ड लाइफ वार्डन, अन्य उच्चाधिकारी प्रतिभाग करेंगे, उसके साथ ही बाघों के संगरक्षण में नेशनल और इंटरनेशनल संस्थाएं भी इसमे प्रतिभाग करेंगी।धीरज पांडे ने कहां कि कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के लिए ये खुशी की बात है कि जिस क्षेत्र में प्रोजेक्ट टाइगर लांच हुआ उस क्षेत्र को ग्लोबल टाइगर डे के सेलिब्रेसन के लिए चयनित किया गया है। उन्होंने कहा कि कॉर्बेट प्रशासन ग्लोबल टाइगर डे के दौरान एक अच्छा इवेंट प्रस्तुत करेगा।

# भारत में स्वयं मिल सकता है गुलाम कश्मीर

केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक उम्मीद से भरा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि 'गुलाम जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है, इस पर पाकिस्तान का कोई अधिकार नहीं है। यहां के लोग पाकिस्तान से तंग हैं, अतएव वे स्वयं ही ऐसा कुछ करेंगे कि भारत का हिस्सा बन जाए।' किसी नेता ने ऐसा बयान शायद पहली बार दिया है कि गुलाम कश्मीर के लोग स्वयं ही भारत में विलय हो जाएं। संभव है भारत की यह ऐसी किसी रणनीति का हिस्सा हो, जिसकी निकट भविष्य में फलीभूत होने की संभावना हो ? इसी का संकेत सिंह ने संकेत दिया हो। उन्होंने ये बात जम्मू-कश्मीर प्रदेश भाजपा की ओर से आयोजित 'सुशासन भी, सुरक्षा भी' विषय पर बोलते हुए कही है। हालांकि इसमें कोई दो राय नहीं कि बंटवारे के समय के हस्ताक्षरित दस्तावेजों के अनुसार संपूर्ण पाक अधिकृत कश्मीर भारत का हिस्सा है। पाकिस्तान ने उस पर अवैध कब्जा किया हुआ है। इस विलय के संबंध में सर्वसम्मति से संसद में प्रस्ताव भी पारित होते रहे हैं। 1994 में पीवी नरसिंह राव की सरकार में भी इस बाबत एक प्रस्ताव पारित हुआ था। चूंकि पीओके भारत का हिस्सा है। इसलिए जम्मू-कश्मीर विधानसभा में पीओके क्षेत्र की बनाई गई चौबीस सीटे फिलहाल खाली रखनी पड़ती हैं। दरअसल भारत कश्मीर मुद्दे पर अब तक नाकाम इसलिए रहा, क्योंकि उसने आक्रामकता दिखाने की बजाय रक्षात्मक रवैया अपनाया हुआ था। इससे लाखों पंडितों को विस्थापन का दंश तो झेलना पड़ा ही यह पूरा इलाका आतंक व अलगाव की चपेट में भी आ गया। नतीजतन अब तक 42000 से भी ज्यादा लोगों को मौत के मुंह में जाना पड़ा। विभाजन की जिस अव्यावहारिक व अप्राकृतिक मांग के आगे नेहरू समेत हमारे तत्कालीन नेता नतमस्तक होते चले गए थे, उससे न केवल जम्मू-कश्मीर, बल्कि पीओके, भारत, पाकिस्तान और बंग्लादेश को भी विभाजन का दर्द झेलना पड़ा है। जबकि विभाजन के समय ही यह साफ लगने लगा था कि यह अखंड भारत की विरासत को खंडित करने की अंग्रेजी हुकूमत की कुटिल चाल है। बावजूद कांग्रेस नेता यह नहीं समझ पाए कि जो शेख अब्दुल्ला 'मुस्लिम कांफ्रेंस' का गठन कर कश्मीर की सामंती सत्ता से मुठभेड़ कर रहा है, उसे शह मिलती रही तो वह भस्मासुर भी बन सकता है ? 1931-32 में शेख की मुलाकात नेहरू तथा खान अब्दुल्ल गफ्फार खान से हुई। इन्हें सीमांत गांधी भी कहा जाता है। इस गुफ्तगू से शेख को इतनी ताकत और दृष्टि मिली कि शेख ने अपनी स्वार्थपूर्ति के लिए 'मुस्लिम कांफ्रेंस' से मुस्लिम शब्द हटा दिया और 'नेशनल' जोड़ दिया। जिससे राष्ट्रीयता का भ्रम हो। इसी समय जिन्ना ने पृथकतावादी अभियान चला दिया। फिरंगी शासक तो चाहते भी यही थे कि भारत को आजादी धर्म के आधार पर बंटवारे की परिणति में मिले। आमतौर से ऐसा माना जाता है कि कश्मीर समस्या 1947 के बाद पनपी व विकसित हुई। जबकि वास्तव में इसकी शुरुआत जम्मू-कश्मीर के महाराजा गुलाब सिंह के दरबार में 'अंग्रेज रेजिमेंट' की नियुक्ति के साथ ही हो गई थी। किंतु अंग्रेज नाकाम रहे। इसी समय दुर्भाग्य से कश्मीर के गिलगिट क्षेत्र के राजा रणवीर सिंह का देहांत हो गया। अंग्रेजों ने शोक में डूबे राज-परिवार की इस कमजोरी को एक अवसर माना और सक्रियता बढ़ा दी। दरअसल अंग्रेजों ने 1885 में ही यह योजना बना ली थी कि किसी भी तरह जम्मू-कश्मीर के दुर्गम व सुरक्षित क्षेत्र गिलगिट व बाल्टिस्तान पर कब्जा करना है। जिससे अमेरिका की सैन्य गतिविधियों के लिए एक सुरक्षित स्थान मिल सके। अमेरिका इसे सोवियत संघ पर शिकंजा कसने की दृष्टि से उपयुक्त क्षेत्र मान रहा था। लिहाजा अंग्रेजों ने षड्यंत्र पूर्वक इस क्षेत्र को 'गिलगिट एजेंसी' नाम देकर 1889 में अपने कब्जे में ले लिया। इसके अधीनता में आते ही सिंधु नदी के पूर्व और रावी नदी के पश्चिमी तट तक समूचे पर्वतीय भू-भाग पर अंग्रेजों का नियंत्रण हो गया। इस समय गिलगिट में प्रताप सिंह, राजा रणवीर सिंह के उत्तराधिकारी के रूप में शासक थे। प्रतापसिंह अंग्रेजों की साजिश का शिकार हो गए। गुलाब सिंह की मृत्यु के बाद हरिसिंह जब राजा बने, तो 1925 में उनकी आंखें खुलीं और गिलगिट की साजिश को समझा। तब हरिसिंह ने हिम्मत व सख्ती से काम लेते हुए अपनी सेना गिलगिट भेजकर अंग्रेजी सेना को गिलगिट छोड़ने को विवश कर दिया और यूनियन जैक उतारकर कश्मीरी

## संदर्भ-रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का बयान

झंडा किले पर फहरा दिया। यह अप्रत्याशित घटनाक्रम अंग्रेजों को एक शूल की तरह चुभता रहा। 1930 में जब स्वतंत्रता आंदोलन एक प्रखर राष्ट्रवाद के रूप में देशव्यापी हो गया तो इस राजनीतिक समस्या के हल के बहाने लंदन में गोलमेज सम्मेलन आहूत किया गया। भारतीय राजाओं के अधिकृत प्रतिनिधि के रूप में हरिसिंह ने इसमें हिस्सा लिया। यहां हरिसिंह ने गिलगिट बाल्टिस्तान समेत, संपूर्ण जम्मू-कश्मीर को 'संघीय राज्य' बना देने की पुरजोर पैरवी की। किंतु यह मांग अंग्रेजों की मंशा के अनुकूल नहीं थी, इसलिए सिरे से खारिज कर दी। यहां अंग्रेजों ने गिलगिट क्षेत्र से हरिसिंह द्वारा अंग्रेज सेना की बेदखली की गई थी, उसके प्रतिकार स्वरूप साजिश तो रची ही, औपनिवेशिक कूटनीति व भारत को विभाजित करने की मंशा को फलीभूत देखने के नजरिए से शेख अब्दुल्ला को महत्व देकर उसे कश्मीरी शासक के विरुद्ध उकसाना शुरू कर दिया। नतीजतन शेख ने अलगाववादी संगठन 'मुस्लिम कांफ्रेंस' की नींव डाल दी। इसी दौरान शेख की मुलाकात नेहरू से हुई, जो मित्रता में बदल गई। 1932 से ही शेख ने कश्मीर पर नाजायज कब्जे के लिए जंग छेड़ दी। इसके बाद से लेकर 1947 तक के कालखंड में 1942 की अगस्त क्रांति तथा आजाद हिंद फौज के अभियान और दूसरे विश्व युद्ध की समाप्ति के बाद जब फिरंगी हुकूमत के खिलाफ जबरदस्त असंतोष और सशस्त्र संघर्ष की घटनाएं आम हो गईं तो अंग्रेजों ने अनुभव किया कि अब भारत पर नियंत्रण संभव नहीं है, तब उन्होंने भारतीय रियासतों के विलीनीकरण के लिए धार्मिक व क्षेत्रीय उपराष्ट्रीयताओं को भी उकसाना शुरू कर दिया। फलत: शेख समेत अनेक हिंदू व मुस्लिम नरेशों में एक नए स्वतंत्र देश पर राज करने की मनोकमना अंगड़ाई लेने लगी। जबकि रियासतों का विलय भारतीय राष्ट्र को अखंड भारत का रूप देकर एक सशक्त व एकीकृत संविधान द्वारा संचालित राजनीतिक ईकाई का निर्माण करना था। इसी समय शेख ने स्वतंत्र कश्मीर का सुल्तान बनने का सपना देखना शुरू कर दिया। मुस्लिम लीग तो जिन्ना के नेतृत्व में पहले से ही मुसलमानों के लिए पृथक मुस्लिम देश बनाने की मांग कर रही थी। 1946 में शेख ने हरिसिंह के विरुद्ध 'महाराजा कश्मीर छोड़ों आंदोलन' छेड़ दिया। 20 मई 1946 को शेख ने श्रीनगर की मस्जिदों का दुरुपयोग करते हुए सांप्रदायिक उन्माद फैलाने के ऐलान कराए। नतीजतन शेख की गिरफ्तारी हुई और उन्हें तीन साल की सजा सुनाई गई। इस गिरफ्तारी के बाद कश्मीर की स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में थी। किंतु यह गिरफ्तारी नेहरू हो रास नहीं आई। नेहरू ने शेख की गिरफ्तारी को गलत ठहराते हुए दिल्ली के राजनीतिक हलकों में हरिसिंह को दोषी ठहराना शुरू कर दिया। नेहरू शेख को छुड़ाने के लिए इतने उतावले हो गए कि जब देश स्वतंत्रता संग्राम की निर्णायक लड़ाई लड़ रहा था, तब 19 जून 1946 को नेशनल ऐयरवेज के हवाई जहाज से लाहौर होकर रावलपिंडी पहुंचे और फिर रावलपिंडी से जीप द्वारा श्रीनगर पहुंच गए। यहां के कश्मीरी पंडितों ने नेहरू को समझाइश दी कि आपको गुमराह किया जा रहा है, महाराजा अपनी जगह सही हैं। किंतु नेहरू को ये शब्द कानों में पिघले शीशे की तरह लगे। हरिसिंह ने नेहरू का कहना नहीं माना तो 'सत्याग्रह' की घोषणा कर दी। मित्रता के भुलावे में नेहरू द्वारा की गई यह भूल और शेख को छुड़ाने की जिद्द व जुनून कालांतर में ऐतिहासिक भूल साबित हुए। हरिसिंह ने कठोरता बरतते हुए नेहरू के हठ को सर्वथा नकार दिया और उन्हें हिरासत में लेकर कश्मीर की सीमा से बाहर का रास्ता दिखाकर रिहा कर दिया। नेहरू ने इस आचरण को नितांत अव्यावहारिक माना और हरिसिंह से बदला लेने का संकल्प ले लिया। इसलिए देश की 562 रियासतों को विलय करने का जो दायित्व पटेल बड़ी चतुराई से संभाल रहे थे, उसमें एक जम्मू-कश्मीर का दायित्व नेहरू ने जबरदस्ती अपने हाथ ले लिया। इसी कालखंड में 24 अगस्त 1946 को नेहरू के नेतृत्व में अंतरिम सरकार बना दी गई। यह वह दौर था, जब पूरे भारत में सांप्रदायिक दंगों के साथ अनिश्चय, अविश्वास एवं अराजक वातावरण छाया हुआ था। इसी समय 20 फरवरी 1947 को ब्रिटेन के प्रधानमंत्री क्लीमेंट एटली ने ऐतिहासिक घोषणा की, कि जून 1948 तक भारत को स्वतंत्र कर दिया जाएगा। इस घोषणा के परिणाम की जिम्मेबारी एडमिरल लुईस माउंटबेटन को सौंपी गई। 24 मार्च 1947 को वायसराय के रूप में माउंटबेटन ने भारत के प्रशासनिक दायित्व अपने हाथ में ले लिए। माउंटबेटन ने अलग-अलग गोपनीय मुलाकतें लीगी व कांग्रेसी नेताओं से करके भारत विभाजन का संकल्प गांधी के विरोध के बावजूद ले लिया। अंततोगत्वा 4 जुलाई 1947 को ब्रिटेन की संसद के दोनों सदनों में 'भारतीय स्वतंत्रता विधेयक-1947' पेश कर दिया, जो मत-विभाजन से पारित हो गया। 18 जुलाई 1947 को ब्रिटिश हुकूमत ने अनुमोदन भी कर दिया। इसी विधेयक के तहत भारत को धर्म के आधार पर दो स्वतंत्र औपनिवेशिक राज्यों में बांट दिया गया। जम्मू-कश्मीर रियासत का विलय नेहरू के हाथ में होने के कारण असमंजस में रहा। डोगरा राजा हरिसिंह जहां कश्मीर की स्वतंत्र राज्य की परिकल्पना कर रहे थे, वहीं उनके प्रधानमंत्री रामचंद्र काक पाकिस्तान के साथ विलय पर विचार कर रहे थे, क्योंकि उनकी पत्नी यूरोपियन थीं, इसलिए उनकी आंखें मुंद गईं थीं। इसी अनिश्चिता के दौर में 22 अक्टूबर 1947 को शेख की शह पर पाक फौज जीपों व ट्रकों पर सवार होकर कश्मीर में चढ़ी चली आई। इस संकट से मुक्ति के लिए हरिसिंह विवश हुए और उन्होंने 26 अक्टूबर 1947 को विलय-पत्र पर हस्ताक्षर कर दिए। इसके बाद 27 अक्टूबर 1947 को कबिलाइयों को बेदखल करने के लिए हवाईजहाज से सेना भेज दी गई। भारतीय सैनिकों ने कबिलाईयों को खदेड़ दिया, किंतु दुर्गम क्षेत्र होने के कारण मुजफ्फराबाद का पीओके, गिलगिट व बाल्टिस्तान क्षेत्र पाक के कब्जे में बना रहा। इस परिप्रेक्ष्य में नेहरू जल्दबाजी में संयुक्त राष्ट्र संघ चले गए। संयुक्त राष्ट्र की सुरक्षा परिषद् ने इसे विवादित क्षेत्र घोषित कर दिया। परिणामस्वरूप युद्धविराम तो हो गया, लेकिन कश्मीर की शासन व्यवस्था को लेकर नेहरू, हरिसिंह और शेख के बीच 'दिल्ली समझौता' हुआ। इस समझौते के आधार पर ही नेहरू ने शेख के सुपुर्द जम्मू-कश्मीर की कमान सौंप दी। इसके बाद कश्मीर को विशेष दर्जा देने के लिए 370 का अनुच्छेद पटेल और अंबेडकर के विरोध के बावजूद जोड़ दिए गए। हालांकि अब इस अनुच्छेद को हटा दिया गया है। लिहाजा अब अवसर है कि गुलाम कश्मीर माने जाने वाले पीओके, गिलगिट व बाल्टिस्तान को पाक के शिकंजे से मुक्त करके भारत में विलय कर लिया जाए।

**प्रमोद भार्गव, लेखक/पत्रकार**

# एशिया का प्रतिनिधित्व करेंगी अल्मोड़ा की नीलिमा

## जर्मनी में हुई अन्तर्राष्ट्रीय प्रतिनिधि सभा में चुनी गई स्टेंडिग कमेटी की सदस्य

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। अमन संस्था से जुड़ी बाल अधिकार कार्यकर्ता, जेजेबी बोर्ड सदस्य नीलिमा भट्ट बाल अधिकारों पर कार्य करने वाली अंतर्राष्ट्रीय संस्था टेरेस-दस-होम (टीडीएच) द्वारा 23 सें 25 जून तक जर्मनी में आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय प्रतिनिधि सभा में प्रतिभाग कर भारत वापस लौट आई हैं। इस तीन दिवसीय प्रतिनिधि सभा में विभिन्न देशों के 42 प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। नीलिमा ने इस बैठक में न केवल बाल अधिकारों के मुद्दों पर खुल कर अपनी राय रखी बल्कि अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधि सभा की बैठक में उन्हें आगामी 5 वर्षों 2023 से 2028 तक के लिए स्टेंडिग कमेटी(स्टेंड कॉम) के सदस्य के रूप में चुना गया।नीलिमा इस स्टेडिंग कमेटी में ऐशिया का प्रतिनिधित्व करेंगी। स्टेडिंग कमेटी दुनिया के विभिन्न भागों में बाल अधिकारों के लिए करने के लिए नए लक्ष्य निर्देशन और निर्धारित लक्ष्यों को हासिल करने के लिए कार्य करेंगी। यही नहीं कमेटी 2028 के बाद 2033 तक दुनिया के विभिन्न भागों में बाल अधिकारों के लिए कार्य करने के लिए नए लक्ष्यों का निर्धारण भी करेगी।इस प्रतिघनिधि सभा के लिए दक्षिण एशिया ,दक्षिण पूर्व एशिया, अफ्रीका, दक्षिणी अमेरिका तथा यूरोप देशों से 42 प्रतिनिधि चुने जाते हैं। इस प्रतिनिधि सभा की बैठकों में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर बच्चों के लिए प्रस्तावित कार्यक्रमों और अभियानों पर निर्णय लिया जाता है।इस प्रतिनिधि मंडल में भारत से प्रतिभाग करने वाली अमन संस्था ऐसी पहली संस्था है जिसे इसमें प्रतिभाग करने का दोबार मौका मिला है। इससे पहले वर्ष 2013 में अमन के मुख्य कार्यकारी रघु तिवारी और अब बाल अधिकार कार्यकर्ता नीलिमा भट्ट को प्रतिभाग कर चुकी हैं।जर्मनी से वापस लौट कर नीलिमा ने बताया कि आगामी पांच वर्षों के लिए रणीनीतिक लक्ष्य निधारित किए है। जिसमें शिक्षा और सशक्तिकरण, प्रवासी बच्चों के लिए अधिकारों तक पहुंच, युवा पर्यावरण कार्यकर्ताओं के लिए समर्थन तथा जेंडर जस्टिस के लिए प्रतिबद्धता शामिल है। उन्होंने कहा कि आगामी पांच वर्षो में इन लक्ष्यों पर वैश्विक स्तर पर कार्य किया जाएगा और बाल अधिकारों को सुनिश्चित करने के प्रयास तेज किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि भारत के अपेक्षाकृत युरोपीय में बच्चों के अधिकार और विकास के लिए अधिक सजगता है। इसके लिए हमे भी और अधिक संवेदना और सजगता से कार्य करना होगा। नीलिमा भट्ट अमन संस्था से जुड़ी है। बच्चों के लिए विभिन्न अभियानों में सक्रिय रूप से कार्य करने वाली नीलिमा इससे पहले बाल कल्याण समति की सदस्य भी रह चुकी हैं और वर्तमान में किशोर न्याय बोर्ड की सदस्य हैं। उन्होंने बच्चों और किशोरियों के कल्याण और सुरक्षा के लिए विभिन्न स्तर पर कई प्रयास किए हैं। नीलिमा के अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधि सभा की स्टेंडिग कमेटी का सदस्य बनने पर अमन संस्था प्रमुख रघु तिवारी, नीमा कांडपाल, विमला, दीपिका,मनाखत्री और खीमानंद भट्ट आदि ने खुशी जाहिर कर उन्हें बधाई दी है।



# टीएमयू में 104 रिसर्च स्कॉलर्स को हैंड्स ऑन ट्रेनिंग

## रिसर्च स्कॉलर्स, पीजी स्टुडेंट्स के लिए मददगार होगी एफडीपी: रजिस्ट्रार

मुरादाबाद(उद ब्यूरो)। तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के रिसर्च सेंटर और आईक्यूएसी की ओर से रिसर्च मैथोडोलॉजी टूल एंड टेक्निक्स पर फैकल्टी डपलपमेंट प्रोग्राम-एफडीपी में 104 रिसर्चर्स को हैंड्स ऑन ट्रेनिंग दी गई। एफडीपी के समापन पर बतौर मुख्य अतिथि टीएमयू के रजिस्ट्रार डॉ. आदित्य शर्मा ने सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए। डॉ. शर्मा ने रिसर्च स्कार्ल्स को संबोधित करते हुए कहा, इस एफडीपी से यूनिवर्सिटी की फैकल्टीज, रिसर्च स्कॉलर्स, पीजी रिसर्च स्कॉलर्स- एमडी, एमएस और एमडीएस आदि को अपनी रिसर्च में बेहद मदद मिलेगी। उन्होंने उम्मीद जताई, यूनिवर्सिटी का रिसर्च सेंटर भविष्य में भी इस तरह की एफडीपी कराता रहेगा, जिससे शोधार्थियों का मार्गदर्शन होता रहे। अंत में उन्होंने प्रतिभागियों के संग-संग मेजबानों को एफडीपी के सफल आयोजन के लिए बधाई दी। इस अवसर पर रजिस्ट्रार डॉ. शर्मा ने अतिथि वक्ता यूनिवर्सिटी ऑफ लखनऊ के डॉ. शैलेश कौशल, ज्वाइंट रजिस्ट्रार- रिसर्च एंड डवलपमेंट एवम् एफडीपी की ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ. ज्योति पुरी, टीएमयू मेडिकल कॉलेज की स्टेटिशियन डॉ. उम्मे अफीफा के संग-संग 104 स्टुडेंट्स को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित भी किया। उल्लेखनीय है, एफडीपी में स्टुडेंट्स को एएमओएस सॉफ्टवेयर पर हैंड्स ऑन ट्रेनिंग दी गई, रिसर्च स्कॉलर्स ने 10 मिनट में मॉडल तैयार करके एक्सपर्ट को दिखाया। एफडीपी में यूनिवर्सिटी के शिक्षाविदों के संग-संग रिसर्च स्कॉलर्स, एमडी, एमएस और एमडीएस के पीजी रिसर्च स्कॉलर्स समेत 100 से अधिक स्टुडेंट्स ने प्रतिभाग किया। इस मौके पर सवाल-जवाब का दौर भी चला। एक्सपर्ट ने स्टुडेंट्स के सवालों का जवाब देकर उनकी समस्याओं का समाधान किया। ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ. ज्योति पुरी ने वोट ऑफ थैंक्स दिया। यूनिवर्सिटी ऑफ लखनऊ के डॉ. शैलेश कौशल को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। संचालन असिस्टेंट रजिस्ट्रार गवर्नेंस श्री बसवराज मुधोल ने किया। यूनिवर्सिटी ऑफ लखनऊ के डॉ. शैलेश कौशल और टीएमयू मेडिकल कॉलेज की स्टेटिशियन डॉ. उम्मे अफीफा ने भी अपने-अपने विचार प्रस्तुत किए। एफडीपी की ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ. ज्योति पुरी ने कहा, रिसर्चर्स को अपनी नॉलेज को अपडेट करना पड़ेगा। उन्होंने स्टुडेंट्स को रिसर्च के नए सॉफ्टवेयर जैसे- एसपीएसएस, एएमओएस आदि के बारे में सीखने के लिए प्रेरित किया। ये सॉफ्टवेयर डेटा एनालिसिस के लिए अति महत्वपूर्ण हैं। इससे डेटा की रिलेविटी और वैलिडिटी को जानने में मदद मिलती है। एसएसपीएस सॉफ्टवेयर प्रश्नावली की पायलेट टेस्टिंग में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। डॉ. पुरी ने स्टुडेंट्स से अपना रिसर्च क्लब बनाने की सलाह दी, जिससे सभी रिसर्चर्स एक-दूसरे को जान सकें और अपनी-अपनी समस्याएं साझा करें। साथ ही साथ अपने स्किल को इम्प्रूव करें। एफडीपी में लॉ कॉलेज के डीन प्रो. हरबंश दीक्षित, सीसीएसआईटी के प्रिंसिपल प्रो. आरके द्विवेदी, लॉ के प्रिंसिपल प्रो. एसके सिंह, फार्मेसी के प्रिंसिपल प्रो. अनुराग वर्मा, एग्रीकल्चर के डीन प्रो. प्रवीण जैन, एफओई के वाइस प्रिंसिपल प्रो. पंकज गोस्वामी, फार्मेसी के वाइस प्रिंसिपल प्रो. पीयूष मित्तल आदि के अलावा दीगर कॉलेजों के एचओडी और फैकल्टीज भी मौजूद रहे।





# ज्ञान व शिक्षा का आधार गुरू

जीवन की पहली गुरु माँ को माना जाता है। बालक एक कच्ची मिटघ्टी के सामान माना जाता है माँ उसे बोलना ,चलना, व अच्छे संस्कार का आरोपण कर समाज मे रहना सिखाती है। तत्पश्चात बालक स्कूल, कालेज के माध्यम से शिक्षकों द्वारा शिक्षा ग्रहण करता है सांसारिक व आध्यात्मिक दृष्टि से गुरु से ग्रहण ज्ञान व शिक्षा ही मनुष्य के जीवन का आधार है। गुरु से मिली नेमत व बख्शीश के लिए गुरू को भगवान से ऊपर का दर्जा दिया गया है। आषाढ़ मास की पूर्णिमा के दिन भक्तजन बडेघ् उल्लास व श्रद्धा से गुरूपूजा का पावन पर्व मनाते है। महाभारत व अनेकपुराण के रचियता ऋषि वेदव्यास का उदभव दिवस इसी दिन मनाते है इसी दिन भगवान शिव ने सप्तऋषियो को योग व अनेक प्रकार के ज्ञान प्रदान किये थे।योग्य गुरू के बिना जीवन के किसी भी क्षेत्र मे सफलता हासिल नही की जा सकती। गुरु शब्द का अर्थ है जो अन्धकार से प्रकाश की और ले जाने वाला होता है। वही सद्गुरू है। काम, क्रोध,लोभ,मोह,मत्सर जैसी। मानव मन की बुराईयों को दूर कर नामदीक्षा देकर सिमरन की युक्ति समझाकर कठिन भवसागर से तारनहारे है लोक ,परलोक मे अपने भक्त की रक्षा करने वाले है यम त्रास से छुटकारा दिलाने वाले है। 84 लाख योनियों के कठिन त्रास से छुटकारा दिलाने वाले है। महर्षि वाल्मीकिजी ने नारद जी को अपना गुरू मानकर अपना दस्युकर्म छोडा व संस्कृत के महान गृन्थ रामायण की रचना की प्रभुश्रीराम के गुरू वाशिष्टजी ,श्रीकृष्णजी के संदीपनीमुनिजी ,मीराबाई के रविदास, माताशबरी के मतंगमुनि हुए जिन्होंने अपने गुरू के वचनो की पालना कर अपना जीवन धन्य व सफल बनाया। सब धरती कागज करू। लेखनी सब वनराय।।सात समुद्र की मसि करू। गुरु गुण लिखा न जाय।। गुरूचरणो मे कोटिनकोटि नमन।।



-नरेश छाबड़ा,रुद्रपुर

# मातृ-मृत्यु दर, शिशु मृत्यु के मामलों में कमी लायें: डीएम

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से जनपद में चल रहे विभिन्न कार्यक्रमों के लिए गठित समिति की बैठक जिलाधिकारी विनीत तोमर की अध्यक्षता में जिला सभागार में आयोजित की गई। इस दौरान जिलाधिकारी ने सिकल सेल रोग की रोकथाम और प्रबन्धन हेतु जिला स्तरीय समिति के गठन पर संस्तुति दी। बैठक में मातृ-मृत्यु दर, शिशु मृत्यु दर पर जिला स्वास्थ्य समिति के कार्यों की क्रमवार समीक्षा की। जिलाधिकारी ने मातृ मृत्यु व शिशु मृत्यु दर में पिछली तिमाही में जनपद के अंतर्गत सीएचसीए व पीएचसी द्वारा की गई रिर्पोट की गहनता से समीक्षा करते हुए कहा कि मातृ-मृत्यु दर, शिशु मृत्यु के मामलों में कमी लायी जाय। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों को सभी चिकित्सक गम्भीरता से लेते हुये कार्य करें। उन्होंने सभी चिकित्साधिकारियों को निर्देश दिये कि आम जनमानस को चिकित्सा सुविधाओं का लाभ मिले इस बात पर विशेष ध्यान दिया जाय। बैठक में जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिये कि मातृ-मृत्यु दर, शिशु मृत्यु दर के इन मामलों की समय-समय पर अपने स्तर से समीक्षा की जाय। उन्होंने निर्देश दिये कि जिन ग्रामों एवं ब्लॉक में जन्म के समय एवं जन्म के बाद बच्चों की मृत्यु दर में आश्चर्यजनक भिन्नता सामने आ रही है उनका चयन करें उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के तहत होने वाली बैठकों का आयोजन भी नियमित किया जाए। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि अस्पतालों में प्रसव कराने वाले डॉक्टर एवं नर्सों को आवश्यक प्रशिक्षण भी दिया जाए। उन्होंने कहा कि चिकित्सालय में प्रसव होने वाले बच्चें के माता-पिता व परिजनों को बच्चें की सही तरीके देखभाल की जानकारी समय समय पर दी जाय ताकि किसी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिये कि जनपद में संचालित एम्बुलेंसो की अद्यतन स्थिति रिर्पोट प्रस्तुत कीजाय। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ आरसी पंत, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक महिला चिकित्सालय डा प्रीति पंत सहित अन्य चिकित्साधिकारी उपस्थित रहे।

# सिक्योर हिमालय कार्य योजना बेहतर बनाने के दिए निर्देश

पिथौरागढ़ (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी रीना जोशी ने सिक्योर हिमालय परियोजना के सम्बन्ध में वन विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक लेकर सिक्योर हिमालय के अंतर्गत वन विभाग द्वारा तैयार कार्य योजना का अवलोकन किया तथा कार्य योजना को और बेहतर बनाने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सिक्योर हिमालय परियोजना के अंतर्गत जनपद के उच्च हिमालयी क्षेत्र में जैव विविधता संरक्षण, उच्च हिमालय क्षेत्र में निवासरत लोगों की आजीविका संवर्धन, वन्यजीव अपराधों को रोकने एवं बेहतर संवाद प्रणाली तथा जानकारियों के प्रबंधन को लेकर एक ठोस कार्य योजना तैयार की जाय ताकि उच्च हिमालयी क्षेत्र को संरक्षित रखा जा सके। उन्होंने कहा कार्ययोजना मे फ्रंटलाइन स्टाफ की ट्रेनिंग के साथ ही उच्च हिमालयी क्षेत्रों में निवासरत लोगों के लिए फोटोग्राफी, ट्रेंकिंग, नेचर गाईड आदि के प्रशिक्षण को शामिल किया जाय। साथ ही इको टूरिज्म



को विकसित करने के लिए हट्स निर्माण को भी कार्य योजना में शामिल करने के निर्देश दिये। उन्होंने एडवेंचर टूरिज्म को विकसित करने के लिए प्रशिक्षण व उपकरण क्रय किये जाने को भी कार्य योजना में शामिल करने के जी कहा। जिलाधिकारी ने उप प्रभागीय वनाधिकारी से कहा कि उच्च हिमालयी क्षेत्रों में निवासरत लोगों के साथ भी बैठक आयोजित कर उच्च हिमालयी क्षेत्र के संरक्षण को लेकर उनके सुझाव लिए जायें।उन्होंने जीबी पंत विश्वविद्यालय पंतनगर से बुग्याल पर जैविक दबाव सम्बन्धी डाटा मांगे जाने तथा बुग्याल की धारण क्षमता का आंकलन करने के भी निर्देश दिये।उप प्रभागीय वनाधिकारी ज्वाला प्रसाद ने बताया कि जनपद पिथौरागढ़ में सिक्योर हिमालय परियोजना के अंतर्गत दारमा- बियांस घाटिया आती है। उन्होंने बताया कि इस परियोजना का उद्देश्य जैव विविधता संरक्षण मुख्यत: हिम तेंदुआ व अन्य विलुप्त प्राय: प्रजातियों का संरक्षण, विविध आजीविका संवर्धन के विकल्पों को बढ़ावा देना ताकि उच्च हिमालय पर समुदाय की निर्भरता प्राकृतिक संसाधनों पर न्यूनतम रहे तथा इनका कम से कम ह्रास हो, वन्य जीव अपराधों को रोकना तथा बेहतर संवाद प्रणाली व जानकारियों का प्रबंधन करना है। बैठक में जिला उद्यान अधिकारी त्रिलोकी राय, मुख्य कृषि अधिकारी रितु टम्टा आदि उपस्थित थे।

## पेज एक का शेष...

**रूद्रपुर की दीपा जोशी सहित..........** सम्मानित किया। राज्यपाल ने अपने सम्बोधन में कहा कि कोरोना महामारी का वह दौर कभी नहीं भुलाया जा सकता है। इस बीमारी से भारत में लाखों लोगों को असमय ही अपनी जान से हाथ धोना पड़ा। तो विश्व में करोड़ों लोगों की मौत हुई। उन्होंने कहा कि महामारी के इस दौर में भी अपनी जान की परवाह किया बिना प्रदेश के हजारों कोरोना वारियर्स कोरोना पीड़ितों की दिन रात सेवा में जुटे रहे और उन्होंने लाखों लोगों की जान बचाई। ऐसे लोगों की जितनी सराहना की जाए कम होगी। राज्यपाल द्वारा सम्मानित की गयी रूद्रपुर की दीपा जोशी पिछले कई वर्षो से चिकित्सालय में अपनी ड्यूटी के साथ ही सामाजिक कार्यों में निरंतर कार्य करती रही हैं। दीपा जोशी को 12 मई 2016 में तत्कालीन राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी द्वारा फ्लोरेंस नाईटिंगल अवॉर्ड से सम्मानित किया। जिसके पश्चात उन्हें वर्ष 2018 ने प्राइड ऑफ इंडिया, नेशनल लीडरशिप, राष्ट्रीय गौरव सम्मान, वर्ष 2019 में फेस ऑफ द ईयर, उत्तराखंड उदय रत्न, 26 जुलाई 2021में मुख्यमंत्री द्वारा कोरोना योद्धा सम्मान, नेशनल ग्लोरी अवार्ड, रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा कोरोना योद्धा सम्मान, वर्ष 2019 में कुमाऊं कमिश्नर द्वारा हिंदुस्तान सेवा सम्मान, कन्या भ्रूण हत्या रोकने को लोगों को जागरूक करने के लिए प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया जा चुका है। रूद्रपुर के वर्तमान विधायक शिव अरोरा व निवर्तमान विधायक राजकुमार ठुकराल द्वारा भी दीपा को उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया है। इतना ही नहीं पुलिस अधीक्षक द्वारा दो बार, नगर निगम मेयर द्वारा छ: बार, पार्षदों द्वारा भी प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। दीपा जोशी द्वारा निरंतर किए जा रहे जनसेवा के कार्यों के लिए उन्हें सम्मानित करने से रूद्रपुर का गौरव भी बढ़ रहा है। दीपा ने कोरोना काल में प्रभावित अंजू के परिवार के भरण पोषण की जिम्मेवारी भी ली थी। इस दौरान उनका सभी मोहल्लों में लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया था।

**विधवा ने दरोगा पर लगाया.....** रहने से मना कर दिया क्योंकि उसने उसे तय किया गया मकान नहीं दिया तथा उसके लडके आये दिन उसके बच्चों को जान से मारने की धमकी देते रहते है। आरोप है 23 जून 2023 को किरायेदार ने उसकी बहु को उसके पार्लर में जाकर गाली गलोच कर परेशान किया। पीड़िता ने आरोपी दरोगा को कॉल करके सारी जानकारी दी। जिससे बौखलाकर दरोगा ने अपने मकान में रहने वाले किरायेदार तथा अन्य लोगों से उसके घर में घुसकर उसके पुत्रों से मारपीट कराई। जब 112 पर पुलिस को सूचना दी तो दरोगा ने थाने से सिपाही भेजकर उसके पुत्रों को थाने बुलवाया और बंद करा दिया। जब उसने कोतवाल को पूरी बात बतायी तो उन्होंने रात्रि डयूटी में तैनात उप निरीक्षक को भेजा जिसने उसकी बात नहीं सुनी। आरोपी दरोगा व अन्य पुलिस कर्मियों ने पूरी रात उसके पुत्रों को बुरी तरह पीटा। सुबह कोतवाल ने आकर उसकी बात सुनी और उसके पुत्रों का चालान कर छोड़ा तब उसे पता चला कि दरोगा छुटटी पर था। तब से अब तक दरोगा लगातार उसे व उसके पुत्रों को फोन पर अन्य मुकदमें में फसाने व जान से मारने की धमकी दे रहा है। जिसमें वह व उसके पुत्र अत्यन्त डरे हुए है और आत्म हत्या करने को मजबूर हो रहे है। पीड़िता ने एसएसपी से मामले में कार्रवाई कर उसकी व उसके परिवार की जानमाल की सुरक्षा करने की गुहार लगाई है।

**बकाया वेतन के ...** महामंत्री पंकज राय, सुखबीर सिंह, नरेश सिंह, कमलाकर तिवारी, रियासत अली, चंद्रिका भारती, दीपा उपाध्याय, रितेश कुमार चौहान, निखिल कुमार, अजय कश्यप, आशीष कुमार, राजेंद्र सिंह सांगा, निर्मल बिष्ट, गोपाल सिंह, जसबीर सिंह, आशीष कुमार, ज्ञानेश शर्मा, गणेश पाल व अमित कुमार आदि थे।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

CONSTRUCTING HAPPINESS

Live Healthy... Live Nature...
Live in Kashi Garden

RERA APPROVED PROJECT
UKREP05230000497

# काशी गार्डन

## आवासीय प्लॉट एवं विला

- रेरा एप्रूव्ड कॉलोनी
- 40 एवं 30 फीट की सड़कें
- 4 पार्क
- गेट बंद कॉलोनी
- सीवेज व्यवस्था
- ए-क्लास इन्फ्रास्ट्रक्चर
- 90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा

साईट ऑफिस - शिमला पिस्तौर, डीपीएस स्कूल के पास, रुद्रपुर

86504-18000